संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 09 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



स्मृति ईरानी गईं मक्का-मदीना, मुसलमानों के दूसरे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी का दौरा किया

राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 13 अंक: 09 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

# बिलकिस गैंगरेप केस: 11 दोषी फिर जेल जाएंगे

= गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, 2 हफ्ते में सरेंडर करें: सुप्रीम कोर्ट, पीड़ित के घर जश्न

**सुप्रीम फैसला**

8 गुजरात सरकार को नहीं, बल्कि महाराष्ट्र सरकार को रिहाई के बारे में फैसला लेने का अधिकार है : सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** बिलकिस बानो केस में दोषियों की समय से पहले रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को नहीं, बल्कि महाराष्ट्र सरकार को रिहाई के बारे में फैसला लेने का अधिकार है। अपराध भले ही गुजरात में हुआ हो, लेकिन महाराष्ट्र में ट्रायल चलने के कारण फैसला लेने का अधिकार गुजरात सरकार के पास नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम छूट की नीति पर सवाल नहीं उठा रहे हैं बल्कि केवल इन लोगों को दी गई छूट पर सवाल उठा रहे हैं। सुनवाई के दौरान दोषियों की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा था कि आजीवन कारावास की सजा पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सुधार का मौका भी दिया जाता है तो अपराध जघन्य होने के आधार पर सुधार को बंद नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा था कि हम दूसरे सवाल पर हैं कि छूट देना सही है या नहीं। हम छूट की अवधारणा जो सर्वमान्य है उसको समझते हैं लेकिन यहां हमारा सवाल सजा की मात्रा पर नहीं हैं। हम पहली बार छूट के मामले से नहीं निपट रहे हैं। तब लूथरा ने कहा कि 15 साल की हिरासत का जीवन पूरी तरह से कटा हुआ जीवन है।

24 अगस्त 2023 को कोर्ट ने गुजरात सरकार से पूछा था कि दोषियों की रिहाई पर प्राधिकरण ने स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल कैसे किया?



## घटना के बाद बेहोश हो गई थीं बिलकिस..

इस हमले में केवल बिलकिस, उनके परिवार के पुरुष सदस्य और एक तीन साल का बच्चा बच सका था। घटना के बाद बिलकिस कम से कम तीन घंटे तक बेहोश रहीं। होश में आने के बाद उन्होंने एक आदिवासी महिला से कपड़े उधार लिए। फिर उनकी मुलाकात एक होम गार्ड से हुई जो उसे लिमखेड़ा पुलिस स्टेशन ले गया जहां उसने हेड कांस्टेबल सोमाभाई गोरी के पास शिकायत दर्ज कराई। सीबीआई के अनुसार, गोरी ने शिकायत के अहम तथ्यों को छिपाया और उसे तोड़-मरोड़ कर लिखा।

## कौन हैं बिलकिस बानो?

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा स्टेशन के पास आग लगा दी गई थी। इस घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। आगजनी की इस घटना के बाद गुजरात में दंगे भड़क उठे। इन दंगों की चपेट में आए कई परिवारों में एक बिलकिस बानो का भी परिवार था। गोधरा कांड के चार दिन बार तीन मार्च 2002 को बिलकिस के परिवार को बेहद क्रूरता का सामना करना पड़ा। उस वक्त 21 साल की बिलकिस के परिवार में बिलकिस और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी के साथ 15 अन्य सदस्य भी थे।

## बिलकिस के साथ क्या हुआ था?

27 फरवरी की घटना के बाद प्रदेश में सांप्रदायिक दंगे फैल गए। दाहोद जिले के राधिकपुर गांव में बिलकिस बानो का परिवार रहता था। दंगा बढ़ते देख परिवार ने गांव छोड़कर भागने का फैसला लिया। उस वक्त बिलकिस पांच महीने की गर्भवती थीं। वह अपने साढ़े तीन साल की बेटी सालेहा और परिवार के 15 अन्य सदस्यों के साथ गांव से भाग गईं। 3 मार्च 2002 को परिवार चप्परवाड़ गांव पहुंचा और पन्निवेला गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से लगे एक खेत में छुप गया। अदालत में दायर आरोपपत्र के मुताबिक, सजा पाने वाले 11 दोषियों समेत करीब 20-30 लोगों ने हसिया, तलवार और लाठियों से लैस होकर बिलकिस और उनके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में बिलकिस की साढ़े तीन साल की बेटी समेत सात लोग मारे गए।

## साढ़े तीन साल की मासूम को पटक-पटकर मार डाला

**पिछले** साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस बानो की याचिका पर सुनवाई के दौरान बिलकिस बानो के वकील ने दर्दनाक घटना का बखान किया था। उनकी ओर से पेश वकील शोभा गुप्ता का कहना था कि यह एक आकस्मिक घटना नहीं थी, दोषी उनका पीछा कर रहे थे। दोषी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि वे कहां छिपे हुए हैं। वे खून के प्यासे थे। वकील ने अदालत को बताया कि 'जब बिलकिस पांच महीने की गर्भवती थीं, तब उनके साथ कई बार क्रूरतापूर्वक सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी को चट्टान पर पटक कर मार डाला गया था।' वकील ने कहा कि वह हमलावरों से गुहार लगाती रहीं लेकिन उन्होंने उन पर या उनके परिवार पर कोई दया नहीं दिखाई।

# 'यह न्याय की कुछ उम्मीद जगाता है'



**न्याय**

8 बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**

बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए 11 दोषियों की रिहाई रद्द कर दी। जिसके बाद दोषियों को फिर से जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। सीपीआई(एम) नेता बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है। वहीं प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा।

**प्रियंका गांधी ने बिलकिस बानो को दी बधाई:** प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है।

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच अपराधियों को बचाने वाली थी ना कि पीड़िता को न्याय दिलाने की। गुजरात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है, जहां दोषियों को बचाने की कोशिश की गई बल्कि पहले भी सरकार ने पीड़ितों की रक्षा करने के बजाय अपराधियों को बचाया है। यह समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार कानून के मुताबिक चले। सरकार पीड़िता को इस जघन्य अपराध के मामले में न्याय दिलाने में नाकाम रही है। सरकार ने सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक दबाव में यह फैसला किया था।

**फास्ट न्यूज**

## 'अंत में हम सभी हिंदू, मंदिर निजी संपत्ति नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**

**अंत में हम** सभी हिंदू, मंदिर निजी संपत्ति नहीं'; कर्नाटक कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कांग्रेस सरकार के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि 'आखिरकार हम सभी हिंदू ही हैं।' बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। भाजपा की सक्रियता को लेकर कई विपक्षी दलों ने इसे राजनीतिक समारोह करार दिया है। कांग्रेस भी निमंत्रण को लेकर कथित रूप से असमंजस में है। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने फैसला लिया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न कर्नाटक में भी मनाया जाएगा। इसे कांग्रेस के अंदर विरोधाभास की तरह देखा जा रहा है। केरल दौरे पर पहुंचे डीके शिवकुमार ने सरकार के फैसले का बचाव करते हुए सोमवार को कहा, 'देखिए, आखिरकार हम सभी हिंदू हैं।' यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस आलाकमान ने अयोध्या में आयोजित समारोह में नहीं जाने का फैसला क्यों किया? इस पर उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार पिक-एंड-चूज पद्धति अपना रही है। यह सरकार तय कर रह है कि कार्यक्रम में किसे शामिल होना चाहिए। राम मंदिर कोई निजी संपत्ति नहीं है।

## देश में जून तक खोले जाएंगे 100 से अधिक प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र

**गोवा:** दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने के मकसद से देश में जून तक 100 से अधिक प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र (पीएमडीके) खोले जाएंगे। मौजूदा समय में इनकी संख्या 45 है। गोवा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि पीएमडीके की संख्या बढ़ाने से दिव्यांग लोगों को सहूलियत होगी और उन्हें सहायक उपकरणों के लिए कई किलोमीटर की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। पहले कृत्रिम अंग के लिए कई किलोमीटर जाकर केन्द्रों पर आवेदन देना पड़ता था या फिर कैंप के आयोजन का इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब सभी कश्मीर से कन्याकुमारी, लक्ष्यद्वीप के साथ राज्यों में पीएमडीके की शुरूआत की जा चुकी है।

# सीट बंटवारे को लेकर आप-कांग्रेस के बीच मंथन

## आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर एक बैठक की: मुकुल वासनिक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आगामी** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने सीट बंटवारे को लेकर सोमवार को बैठक की। इस दौरान दोनों पार्टियों की ओर से सीट बंटवारे और चनावी मुद्दों पर चर्चा की गई। अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर अंतिम फैसला लेना बाकी है। कांग्रेस सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि चुनाव के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर एक बैठक की। बातचीत जारी रहेगी और हम फिर मिलेंगे। उसके बाद ही सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। हर चीज पर विस्तार से चर्चा हुई। हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे और हम बीजेपी को करारा जवाब देंगे। बैठक में आप की ओर से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी और विधायक सौरभ भारद्वाज शामिल हुए। कांग्रेस की ओर से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुकुल वासनिक, दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली और पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी मौजूद थे। आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने हाई कमान से हरियाणा में पांच सीटें गठबंधन में मांग की है।



**चर्चा**

8 चुनाव के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर एक बैठक की

## 'पश्चिम बंगाल में पीडीएस घोटाला बहुत बड़ा'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले मामले में जांच एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने कहा कि बंगाल पुलिस ने संदेशखली में तलाशी दल पर हमले में जमानती, गैर-अधिसूचित अपराधों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। हमारे साथ प्राथमिकी की प्रति भी साझा नहीं की गई है। ईडी ने कहा कि स्थानीय पुलिस को सूचित किए जाने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आद्या की गिरफ्तारी के दौरान भीड़ ने उसकी टीम पर हमला किया। इस घटना में भी प्राथमिकी दर्ज की गई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत की। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में संवाद को सुनते हु।

# 'हमारी गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत की। कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल हुए थे। साथ ही केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक आंध्र प्रदेश के नंदयाला के सैयद ख्वाजा मोहिद्दीन के साथ वर्चुअली बातचीत की। छत्तीसगढ़ के कनकेर की रहने वाली भूमिका से भी उन्होंने बात की।

**ये मेरी प्यारी जातियां:** इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हम देश की एक बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए हमारी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के भविष्य पर ध्यान दे रही है। ये मेरी चार जातियां हैं। मेरी सबसे प्यारी जातियां।

## 'हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिला लाभ'

**पीएम** मोदी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि सरकार के इन प्रयासों का बहुत बड़ा लाभ हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिल रहा है। आज महिलाएं खुद आगे आकर नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। पहले ऐसी अनेक बहनें थीं, जिनके पास सिलाई, बुनाई, कढ़ाई जैसी कोई न कोई स्किल थी, लेकिन उनके पास अपना काम शुरू करने के लिए कोई साधन नहीं था। मुद्रा योजना ने उन्हें आने सपनें पूरे करने का भरोसा दिया है। आज गांव-गांव में रोजगार और स्वरोजगार के नए मौके बन रहे हैं' हमारे देश में किसानों और कृषि नीति को लेकर जो चर्चाएं होती हैं।

# बंगाल में दिख रहा तृणमूल की तरफ कांग्रेस का झुकाव

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**बंगाल कांग्रेस** अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी भले आगामी लोकसभा (लोस) चुनाव में तृणमूल कांग्रेस से किसी तरह के समझौते के पक्ष में न हों, लेकिन कांग्रेस हाईकमान ममता बनर्जी की पार्टी के साथ राज्य की 12 लोस सीटों को लेकर बातचीत शुरू करना चाहता है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और राज्य कमेटी के नेताओं में हुई बैठक में ऐसी 12 सीटों की सूची तैयार की गई हैं, जहां आगामी लोस चुनाव में पार्टी के जीतने की संभावनाएं हैं। अधीर उन सीटों पर वाममोर्चा के साथ अथवा अकेले लड़ने के पक्ष में हैं, लेकिन कांग्रेस हाईकमान का झुकाव तृणमूल की तरफ दिख रहा है। वह इन सीटों को लेकर तृणमूल के साथ बातचीत करना चाहता है। इनमें पिछले लोस चुनाव में कांग्रेस की बंगाल में जीतीं दो सीटें बहरमपुर व मालदा दक्षिण के अलावा मुर्शिदाबाद व मालदा जिले की सीटें मुख्य रूप से शामिल हैं। इन सारी सीटें मुस्लिम बहुल हैं। दूसरी तरफ तृणमूल पहले ही साफ कर चुकी है कि वह कांग्रेस के लिए दो (बहरमपुर व मालदा दक्षिण) से ज्यादा सीटें छोडने को तैयार नहीं है। ऐसे में कांग्रेस की ओर से बातचीत का प्रस्ताव देने का कोई लाभ होगा या नहीं, यह आने वाला समय ही बताएगा।



## 'भारत-चीन संबंध सामान्य होने की आशा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में- थिंक टैंक- विवेकानंद इंटरनेशनल के एक कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय रिश्तों और राजनीतिक हालात पर बयान दिए। उन्होंने कहा कि एशिया की दो सबसे पुरानी सभ्यताओं में गिनी जाने वाली- भारत और चीन के आपसी संबंध जल्द सामान्य होंगे, रूस इसे लेकर आशान्वित है। उन्होंने यूरेशिया में सुरक्षा और चीन को लेकर पश्चिमी देशों की तरफ से होने वाली बयानबाजी को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के पास अद्वितीय राजनीतिक ज्ञान और समझ है। दोनों बड़ी सभ्यताएं भी हैं।

# जेल में बंद आप के विधायक से मिले केजरीवाल और मान

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**

**दिल्ली के मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को यहां जेल में बंद आप विधायक चैतर वसावा से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा का 'अत्याचार और तानाशाही' अपनी हद पार कर गई है। आम आदमी पार्टी के नेता केजरीवाल और मान ने रविवार को गुजरात के भरूच जिले के आदिवासी बहुल नेत्रांग इलाके में वसावा के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। जहां दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि वसावा कुछ महीनों में होने वाले आम चुनाव में भरूच लोकसभा सीट से आप के उम्मीदवार होंगे।



**बैठक** अगली राजस्व लोक अदालतें 30 और 31 जनवरी को आयोजित की जाएंगी

# 'लम्बित राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासनिक सचिवों के साथ गत दिवस को मंडे मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित पहली राजस्व लोक अदालत से अब तक 65000 से अधिक इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया है। इनमें से 11420 इंतकाल के मामले और 1217 तकसीम के मामले इस वर्ष 4 और 5 जनवरी को आयोजित तीसरी राजस्व लोक अदालत में निपटाए गए। उन्होंने कहा कि अगली राजस्व लोक अदालतें 30 और 31 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि तकसीम के मामलों की निपटान दर 200 प्रतिशत दर्ज की गई है। 3 दिसंबरए 2023 से 5 जनवरीए 2024 तक तकसीम के 1823 नये मामले निपटारे के लिए आए जबकि इस अवधि में तकसीम के 3544 लम्बित मामलों का निपटारा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लंबित राजस्व मामलों को समयबद्ध निपटाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है, जिससे राजस्व लोक अदालतों को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।



**निपटारा**

8 पहली राजस्व लोक अदालत से अब तक 65000 से अधिक इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया है

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को घरद्वार पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल आने वाले पर्यटकों को सहज और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए बुनियादी पर्यटन ढांचे को विकसित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार के सभी पर्यटन होटलों, हिमाचल भवन, हिमाचल सदन और विभिन्न विभागों के विश्राम गृहों में क्यूआर कोड आधारित ऑनलाईन भुगतान की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को पर्यटकों को दी जाने वाली सेवाओं में और सुधार सुनिश्चित करने को भी कहा।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना का पहला चरण शुरू किया है, जिसमें राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ई-टैक्सी परमिट की पेशकश की गई है।

# छठें स्थापना दिवस मनाने के लिए तैयार सहभागिताः बीजू हिमदल

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**टीम सहभागिता** के राज्य निदेशक बीजू हिमदल नें टीम सहभागिता के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सहभागिता अपने छटे स्थापना दिवस मनाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में एक तरफ जहां गत वर्ष के कार्यों पर चर्चा परिचर्चा की गई वहीं 28 फ रवरी के स्थापना दिवस समारोह को धूम धाम से मनाने के लिए योजना भी बनाई गई। बता दें कि नशे और अन्य सामाजिक कार्यों के उपर छह साल से काम कर रही हिमाचल प्रदेश की संस्था सहभागिता ने बीते रविवार को इस वर्ष की अपनी पहली सामान्य सदन की



बैठक कुल्लू के जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के सम्मेलन कक्ष में की। इस बैठक में मुख्यतरू टीम सहभागिता कुल्लू, मंडी, लाहौल-स्पीती, चंबा एवं हमीरपुर के सदस्य मौजूद रहे साथ ही हिमाचल के दूसरे जिलों के सदस्य इस बैठक में गूगल मीट के माध्यम से जुड़े। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सहभागिता संस्था का छठा स्थापना दिवस था जोकि प्रतिवर्ष 28 फ रवरी को संस्था के द्वारा मनाया जाता है। इस बार सहभागिता अपना छठा स्थापना दिवस मनाएगी। बैठक की शुरूआत सहभागिता राज्य प्रोजेक्ट प्रमुख पूर्ण चंद द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। उसके बाद संस्था के राज्य उपाध्यक्ष राज सिंघानिया तथा सभी पुराने सदस्यों ने अपना अनुभव नए सदस्यों के साथ साझा किया। सहभागिता कुल्लू की संयुक्त सचिव नेहा शर्मा द्वारा सभी के समक्ष बीते वर्ष की रिपोर्ट रखी गई। संस्था के राज्य सलाहकार सदस्य तुले राम ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया और सबका मनोबल बढ़ाया। बैठक का संचालन नेहा शर्मा द्वारा किया गया।

# आंगनबाड़ी वर्कर्ज की 2017 के बाद हुई प्रमोशन की सीनियोरिटी लिस्ट निकालने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

आंगनबाड़ी वर्कर्ज एवं हेल्पर्ज यूनियन का प्रोजेक्ट सम्मेलन पावंटा साहिब में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में आनगनबाड़ी वर्कर्ज एवं हेल्परज यूनियन की जिला अध्यक्ष नीलम शर्मा और सीटू जिला अध्यक्ष लाल सिंह उपस्थित रहे। सम्मेलन का उदघाटन सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने किया सम्मेलन का उदघाटन कर कहा की सीटू महासचिव आशीष कुमार ने कहा की आज केंद्र की सरकार लगातार आंगनवाड़ी कर्मचारियों पर निरंतर हमले कर रही है। आंगनबाड़ी यूनियन पूरे देश और प्रदेश मे निरंतर आंगनबाड़ी केन्द्रो और आईसीडीएस को बचाने के लिए लगातार संघर्ष और आंदोलन विकसित कर रही है। जिला अध्यक्ष नीलम शर्मा ने बताया की यूनियन न्यायलयों से ले कर और सडकों पर निरन्तर आंगनवाड़ी वर्कर्ज एवं हेल्पर्ज के अधिकारों को बचाने के लिए



लगातर संघर्ष कर रही है। सम्मेलन मे चर्चा हुई की सरकार न्यायालय के आदेशानुसार मिलने वाले ग्रेचुइटी के लाभ तक नही दे रही है। आशीष कुमार ने कहा कि सरकारें चाहे कोई भी रही हो इससे पहले भी कई बार प्रदेश मे आंगनबाड़ी ने जो हासिल किया है वो सिर्फ संघर्षो से हासिल किया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा की सरकारें आती है और जाती है। आंगनबाड़ी को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन और आंदोलनों का सहारा ही लेना पड़ता है, सम्मेलन मे आंगनबाड़ी के मुद्दों पर चर्चा करने के बाद 16 सर्कलों से आई। कार्यकताओं ने 54 सदस्यों की कमेटी का चयन किया। जिसमें इंदु तोमर को अध्यक्ष देवकुमारी को महासचिव, सुलोचना को कोषाध्यक्ष, बलजीत कौर, उषा, माया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया, इसमें नारायनी, संगीता, विनीता को उपाध्यक्ष और सह सचिव जस्वीर कौर, गुलाबी, वाहिदा को सह सचिव चुना गया।

# कलाधारा संस्था ने भाषा विभाग के सौजन्य से करवाया कवि सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**कलाधारा संस्था** ने भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से नाहन में कवि सम्मेलन आयोजित किया। इसमें नाहन के पूर्व विधायक एवं पूर्व हिमफैड अध्यक्ष कुंवर अजय बहादुर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नाहन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रेम भारद्वाज ने की। मंच का संचालन अनिल शर्मा ने किया।कलाधारा संस्था की ओर से शायर नासिर यूसुफ जई व दीप राज विश्वास विशेष रूप से मौजूद



रहे। कार्यक्रम का आगाज ददाहू से आए अनंत आलोक ने भले दुश्मन सही हम तुम, मगर ये भी तो रिश्ता है, तो आओ पीठ से पीठें लगाकर बैठ जाते हैं से की। उन्होंने कई समसमायिक दोहे पढ़े और दाद पाई।प्रताप पराशर ने तुम्हे देखकर आज प्रियतम क्या भूलूं, क्या याद करूं, दलीप विशिष्ट ने भीतर से दुखता हुआ मानव, मिलता है हंसता हुआ मानव और भुवन जोशी ने सौंधी मिट्टी, कच्चे घड़े, गंध से अपनी, महके घड़े, सुनाकर रंग जमाया।

# विधायक सुरेंद्र शौरी की अध्यक्षता में बंजार भाजपा मंडल की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**आज बंजार भाजपा** मंडल की संगठनात्मक बैठक का बंजार के अम्बेडकर भवन में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने की। बंजार भाजपा मंडल के अन्तर्गत नवगठित मोर्चों सहित इस पहली संयुक्त बैठक का आज आयोजन किया गया।

बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। बंजार विधायक ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कार्यकताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कार्योजना पर विस्तार से चर्चा की व आगामी रणनीति साझा की। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बैठक में कार्यकताओं का बड़ी तादाद में आना इस बात को दशार्ता है कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनावों के लिए तैयार है तथा भाजपा को लगातार केंद्रीय धुरी पर बनाए रखने हेतु उत्साहित है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने एक बर्ष के अपने कार्यकाल में पूरी तरह से अव्यवस्था फैला दी है। कर्जा लेने के नए रिकॉर्ड की तरफ शुरूआत में उन्मुख है। सरकार की लचर कार्यप्रणाली का प्रतिबिंब बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भी देखने को मिल रहा है।

**HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI VIBHAG**

**NOTICE INVITING TENDER**

The Executive Engineer Jal Shakti Division, Baggi invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works(s) through off line process :-

| Sr. No | Name of work | E/Cost | Earnest Money | Time limit |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A/R & M/O LWSS Karnehra Samlon and Pipli in GP Samlon in Tehsil Balh Distt. Mandi (H.P). (SH:- Operation, running, repair and maintenance of the complete scheme for Six months, Raw/Submersible stage Seoli, 2nd Stage at Lasni-Ra—Padhar and 3rd stage at Chelay Ra Nallah). | Rs. 497576/- | Rs. 10000/- | Six Months |
| 2 | A/R & M/O LWSS Ner Kasarla Ratti in Tehsil Balh Distt. Mandi (H.P). (SH:- Operation, running, repair and maintenance of the complete scheme for Six months). | Rs. 438800/- | Rs. 8800/- | Six Months |
| 3 | A/R & M/O LWSS Bagla Barsu & LWSS Charach Palyani in Tehsil Balh Distt. Mandi (H.P). (SH:- Operation, running, repair and maintenance of the complete scheme for Six months). | Rs. 335000/- | Rs. 6800/- | Six Months |
| 4 | A/R & M/O LWSS Sarkidhar Naina Devi Ji & DPF Kaldo in gP Sarkidhar in Tehsil Balh Distt. Mandi (H.P). (SH:- Operation, running, repair and maintenance of the complete scheme for Six months). | Rs. 439900/- | Rs. 8800/- | Six Months |
| 5 | A/R & M/O LWSS Rour in gP Rour in Tehsil Balh Distt. Mandi (H.P). (SH:- Operation, running, repair and maintenance of the complete scheme for Six months). | Rs. 413000/- | Rs. 8300/- | Six Months |

Last date of submission of tender: 12/01/2024 upto 11.00 AM./
Last date sale of tender from the division office: 11/01/2024 upto 4.00 PM
The tender detailed conditions can be obtained from the website www.hpiph.org and tender form from office of Executive Engineer, JS Division Baggi upto date specified above.

R.O.N-4852/2023-2024

**Executive Engineer,**
**Jal Shakti Division Baggi**

# आपदा प्रभावित परिवारों को राहत धनराशि देने पर मुख्यमंत्री का आभार: विनय कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सिरमौर जिला के आपदा प्रभावित 1388 प्रभावितों को 9.88 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान करने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया है। विनय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने नाहन प्रवास के दौरान जिला के कुल 1388 आपदा प्रभावित लाभार्थियों में से 30 लाभार्थियों को चेक के माध्यम से और अन्य सभी प्रभावितों को नाहन चौगान से ही डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में आपदा राहत राशि स्थानांतरित की थी। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने यह उद्गार आज रविवार को रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के थाना खेगवा में अपनी समस्यायें लेकर उनसे मिलने विभिन्न पंचायतों से आये प्रतिनिधि मंडल तथा अन्य उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। रेणुका क्षेत्र के आपदा प्रभावितों को दी मुख्यमंत्री ने आपदा राहत राशि विनय कुमार ने कहा कि भारी बारिश के कारण रेणुका जी क्षेत्र के संगड़ाह उप-मंडल में 12 लोगों के मकान पूरी तरह क्षति ग्रस्त हुए थे जिन्हें तीन-तीन लाख रुपये का मुआवजा दिया गया, 87 लोगों के मकानों को आंशिक नुकसान हुआ जिन्हें एक-एक लाख रुपये प्रति प्रभावित दिया गया, 65 गौशालाओं को नुकसान हआ जिसमें 50-50 हजार रुपये प्रति गौशाला मुआवजा दिया गया।

इसी प्रकार पशुधन के नुकसान पर 55 हजार रुपये तथा 16 लोगों की फ सल और भूमि के नुकसान पर उन्हें चार हजार और दस हजार रुपये की दर से मुआवजा प्रदान किया गया, जबकि एक दुकान को नुकसान पर होने पर, एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल नाहन में गुरुदक्षता कार्यशाला से प्रशिक्षु हुए लाभान्वित

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**अरिहंत इंटरनेशनल** स्कूल नाहन में 6 व 7 जनवरी को सीबीएसई की ओर से गुरु दक्षता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अध्यापक/प्रधानाचार्य क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यशाला का नेतृत्व अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल की निर्देशिका एवं प्रधानाचार्या दविंदर कौर साहनी ने किया। इस कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप मे मुकंदलाल पब्लिक स्कूल यमुनानगर से की सीमा कटारिया



मौजूद रही। गणपति कान्वेंट स्कूल यमुना नगर की प्रधानाचार्या डॉक्टर ममता वर्मा भी कार्यशाला में मौजूद रही। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रणाली से नए संबध स्कूलो के साथ साथ मौजूदा संबध स्कूलो के प्रिंसिपल और शिक्षको को उनकी भूमिकाओं में सफ ल होने से के लिए आवश्यक क्षमताओं और संसाधनों से लैस करना था।

## लोक निर्माण मंत्री आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

**लोक निर्माण, युवा** सेवा एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 09 जनवरी, 2024 को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि वह 09 जनवरी को प्रातः 11:15 बजे बागीपुल ग्राम पंचायत थाची में कोटला-बझोल, ग्राम पंचायत कोटला के लिए उठाऊ सिंचाई योजना का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह प्रातः 11:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाचीचलाहल के नए भवन की आधारशिला रखेंगे।

# दिव्यांगों के लिए नौकरियों में तय रोस्टर प्रणाली की जाए लागू

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**दिव्यांग कल्याण** संघ जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश ने प्रदेश सरकार से नौकरियों में दिव्यांग कोटे के अनुसार रोस्टर प्रणाली लागू करने की मांग की है। अपनी मांगों को लेकर संघ की एक बैठक नाहन में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान राजेंद्र ठाकुर ने की। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाहन दौरे की समीक्षा भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री कई मांगों को पूरा कर रहे हैं, ऐसे में दिव्यांगों के लिए जो सरकारी नौकरियों में कोटा तय किया गया है। उसी के अनुसार रोस्टर प्रणाली भी लागू करनी चाहिए ताकि दिव्यांगों को न्याय मिल सके। वक्ताओं ने इस बात को लेकर भी गहरा रोष प्रकट किया कि चुनावों के समय नेता वोट मांगने के लिए तो आगे रहते हैं लेकिन चुनाव जितने के बाद अपनी जनता को पहचाते तक नहीं। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, किशन सिंह रावत, मनीष कुमार, मान सिंह, फारूख, मोहम्मद अशरफ , मनीष कुमार, साहिल आदि मौजूद रहे।

Himachal Pradesh
Public Works Department
E-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer HP PWD Kasauli Distt. Solan HP on behalf of Governor of HP invites the online bids on Percentage rate in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors. Firms registered with HPPWD Department.

| Job No. | Name of Work | Tentative Cost | Earnest Money | Time Allowed | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/O link road from Chamkari to Jubbar via Balota in Km. 0/00 to 4/700.(SH:- P/L 900mm dia HPC alongwith wing wall at Rd. 0/370, PCC B/Wall at Rd. 0/300 to 0/345 & PCC B/Wall at Rd. 1/435 to 1/451)Under SCDP. | 7,70,471/- | 15,400/- | Two Month | 350/- |
| 2 | R/R damages to Bayela Balahu to Sheola road in Km. 0/00 to 4/900.(SH:- C/O PCC B/Wall at Rd. 4/075 to 4/100, 4/115 to 4/135 & 4/160 to 4/172)3rd call | 5,17,069/- | 10,300/- | Two Month | 350/- |
| 3 | R/R damages to Jagjitnagar to Sheel road in Km. 0/00 to 3/00.(SH:- C/O PCC R/Wall at Rd. 2/510 to 2/520 & B/Wall at Rd. 2/650 to 2/658, 2/810 to 2/820 & 2/900 to 2/918)3rd Call | 6,70,221/- | 13400/- | Two Month | 350/- |
| 4 | M/T of link road to village Rano(Kharyana to Ranopali Km. 0/00 to 2/500.(SH:- P/L G.III, 20mm thick open graded premix carpet with seal coat and V-Shape drain in Km. 0/00 to 2/500)Under MNP. | 28,67,575/- | 57,400/- | Two Month | 1500/- |
| 5 | R/R damages to SAKB road in Km 26/00 to 70/00 (SH Repair to pot holes by providing patches in Km 55/00 to 64/00 and 65/00 to 70/00)2nd Call | 6,62,612/- | 13,300/- | Two Month | 350/- |
| 6 | Special repair of Link road TB Sanatorium Dharampur to Residential Quarter Dak Banglow TBS Dharampur (SH:-P/L Bituminous Penetration macadam and open Graded Premix Carpet in Km. 0/120 to 0/500, C/o R/wall in PCC at Rds. 0/550 to 0/580 and P/L GSB and CC Pavement at Rds. 0/540 to 0/590)Deposit Work.3rd Call | 8,33,936/- | 16,700/- | Two Month | 350/- |
| 7 | Repair of Arch bridge at Gamberpul on SAKB road at Rd 32/360 (SH Abutment protection both side and P/L renewal coat by providing 30mm thick BC on bridge portion)3rd call | 5,48,843/- | 11,000/- | Two Month | 350/- |
| 8 | C/O Link road to Village Bathol in Km. 0/00 to 1/250.(SH:- P/L Open Graded Premix Carpet Carpet with Seal Coat in Km. 0/00 to 0/315 and 0/360 to 1/240)Under SCDP. | 8,89,112/- | 17,800/- | Two Month | 350/- |
| 9 | A/R & M/O Himachal Sarai Bhawan Sector-24 at Chandigarh.(SH:- P/F Tiles works, Painting, Distempering and Sanitary work etc.) | 22,55,750/- | 45,100/- | Three Month | 500/- |
| 10 | Beautification of Parwanoo town by fixing Paver block on Old NH-22 near Gabriel Chowk.(SH:- P/L Interlocking tiles 100mm thick, comle stone, kerb stone & Ballaster at Rd.65/550 to 65/670)Under NCAP. | 24,84,512/- | 50,000/- | Two Month | 500/- |

**Availability of Bid Document and mode of submission:-** The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in. Bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized certifying authorities (CA) Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website :https://hptenders.gov.in. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.

**Key dates.**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | |
| 2 | Document Download Start Date | 09.01.2024 |
| 3 | Bid Submission Start and End Date | 09.01.2024 at 11.00 AM to 20.01.2024 at 4.00PM |
| 4 | Date of Opening of Bid | 22.01.2024 at 11.30 AM |

**2. TENDER DETAILS:**

(i) The tender Document shall be uploaded online in 2 cover : Cover1: shall contain Scanned copies of all" Technical Document/Eligibility information".
(ii) Cover 2: shall contain" BOQ/Financial Bid", where contractor will quote his offer for each item.

**3. Bid Opening Details:-** The bid shall be opened on dated **22.01.2024 at 11.30** AM in the office **Executive Engineer, HPPWD Division Kasauli** HP, by the authorised officer. In their interest the tenderer are advised to be present along with original documents at the time of opening of tenders. If the office happens to be closed on the
date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue.

(i) The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than 90/120 days after the deadline date for bid submission.
(ii) Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

R.O.N-4853/2023-2024

**Executive Engineer,**
**Kasauli Division,**
**HPPWD Kasauli**
**On behalf of the Governor of HP.**

# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/सुभाग सचदेवा**

**संक्षिप्त संसाधनों** के बावजूद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी आज पूरे हिमाचल में एक प्रतिष्ठित नाम बन चुका है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बस्सी की होनहार छात्र मेनका कुमारी जिसने गत वर्ष संपन्न दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रदेश भर में 9वां स्थान लेकर नाम स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं पर इसी स्कूल की प्लस वन की छात्रा सोमा ठाकुर ने अंडर-17 वर्षीय नेशनल स्तर पर हिमाचल की कबड्डी की टीम में अपना स्थान बनाकर न केवल स्कूल का बाकी जिला मंडी और हिमाचल का नाम रोशन किया है। यह बात आज वार्षिक पारितोषिक



वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि हिमाचल कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीश रेड्डी ने कही। राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला बस्सी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में प्रधानाचार्य गोपाल दास ने पूरे वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट पढकर उपस्थित अभिभावकों व स्थानीय लोगों के सामने रखी। उन्होंने अपने होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धियां के बारे सबको अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूल की छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट का मंचन करके सोशल मीडिया की अच्छाइयां और बुराइयों पर प्रकाश डाला। वही स्कूल के बच्चों द्वारा ग्रामीण देव संस्कृति की अनूठी की झलक दिखा कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर स्कूली छात्र.छात्राओं द्वारा रंगरंग संस्कृत कार्यक्रम पंजाबी पहाड़ी हरियाणवी और फिल्मी गानों पर डांस करके लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि द्वारा छठी कक्षा की वाणी, दीप्ति, कामेश, सातवीं कक्षा की फ रिश्ता विजय कुमार, मनीष कुमार, आठवीं कक्षा की विनती, प्रीति, पायल नवीं कक्षा की मोनिका, कुसुम, निशा, दसवीं कक्षा की खुशबू, सतीश, ज्ञाना, चिराग जमा एक कक्षा से हेमलता चंद्रेश और भानुप्रिया वह 10+2 की सोनिया निखिल देव और खुशबू को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएससी कमेटी अभिभावक पंचायत सदस्यों द्वारा 18500 का नगद पुरस्कार बच्चों को दिया गया मुख्य प्रधानाचार्य गोपाल दास ने यह सबसे सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया।

# डॉ. शांडिल ने ग्राम पंचायत नौणी से आरम्भ किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/मनीष**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि जन-जन की समस्याओं का उनके घर-द्वार के समीप समाधान और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देने के उद्देश्य से आज से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौणी और शमरोड़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण विभाग, विद्युत बोर्ड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सामाजिक न्याय एवं



अधिकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों से सम्बन्धित समस्याएं सुनी और अधिकारियों को इनके उचित निपटारे के निर्देश दिए।डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत नौणी में 08 लाख रुपए की लागत से निर्मित ग्राम सभा भवन का लोकार्पण भी किया।स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम पंचायत नौणी के अनुसूचित जाति बहुल गांव रंगाह में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 05 लाख रुपए तथा पंचायत परिसर नौणी के निर्माण के लिए 05 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम पंचायत शमरोड़ में सामुदायिक केन्द्र भवन के निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 03 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने स्थानीय मेला मैदान की मुरम्मत के लिए 1.50 लाख रुपए तथा महिला मण्डल धर्जा को फर्नीचर इत्यादि की खरीद के लिए 25 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि लोगों से ही समाज का निर्माण होता है और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा विकास की प्रक्रिया में तेजी लाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जहां एक ओर आम आदमी की समस्याएं समय पर सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं वहीं यह भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि नवीन योजनाओं के लाभ समय पर लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिला एवं उपमण्डल स्तर पर कार्यरत सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लक्षित वर्गों तक पहुंचाएं।

# 'विक्रम की तलवार, कांग्रेस के कौन कौन से गुटो को करेगी घायल?'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रवक्ता** एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कहा विक्रम की तलवार, कांग्रेस के कौन कौन से गुटो को करेगी घायल ? कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी हावी है और कांग्रेस पार्टी स्वयं ही अनेकों खेमों में बंट गई है। देखना यह है कि कौन सा खेमा किस खेमे को ध्वस्त करेगा। लंबे समय से कांग्रेस पार्टी और सरकार में तालमेल की बड़ी कमी देखने को मिली है जिसको लेकर कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के अनेकों बयान पूर्व में जनता के समक्ष आए है। जब ताजमहल की कमी हो तो अच्छा तो बनती ही है यह स्वाभाविक है। कभी-कभी ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्री विक्रमादित्य की तलवार कांग्रेस के किसी भी खेमे पर कभी भी गिर सकती है। बौखलाए कांग्रेस के मंत्री, की लहूलुहान जैसी अशोभनीय



बात। उन्होंने कहा कि बयान से तो ऐसा लग रहा था कि बौखलाहट में दिया गया है, अगर बौखलाहट में भी इस प्रकार के बयान दिए जा रहे हैं तो वह अशुभनीय है इस प्रकार की बातें इस शांतिप्रिय प्रदेश में नहीं चलती है। एक बात तो स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी के नेता भाजपा की शक्ति को देखकर घबरा तो गए हैं, तीन राज्यों में बड़ी जीत और उसके बाद अनेकों अभिनंदन सभाएं। नड्डा दौरे से कांग्रेस में खलबली, कांग्रेस को किया एक्सपोज। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा सफ ल रहा है और जिस प्रकार से उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया है कि केंद्र ने 1782 करोड रुपए हिमाचल को भेजे हैं और वह भी आपदा के लिए इसके बाद कांग्रेस पार्टी को समझ नहीं आ रहा है कि केंद्र सरकार के खिलाफ वातावरण कैसे खड़ा किया जाए। कांग्रेस को पता है असलियत, लोक सभा में जीतेगी भाजपा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की एक-एक नेता को पता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हिमाचल में चारों सीटों पर विजय प्राप्त करेगी और केवल मात्र कांग्रेस पार्टी अपनी छवि को सुधारने का असफ ल प्रयास कर रही है। जिस प्रकार वह राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के लिए सवाल खड़ा कर रहे हैं वह भी गलत है सबको पता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कितनी बार हिमाचल आए शायद कांग्रेस पार्टी को अपने देखने का नजरिया बदलना होगा।

# 22 को हर घर और मंदिर में दीपमाला करेगा वाल्मीकि समाज: अंकुश घोष

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय** हवाई अड्डे का भगवान वाल्मीकि जी के नामकरण से समूचा वाल्मीकि समाज हर्षित है। हिमाचल वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अंकुश घोष, दीपक लहोरवी महासचिव धर्मशाला, रोशन लाल प्रधान वाल्मीकि सभा मंडी, संजीव कुमार प्रधान सुंदरनगर, प्रीतपाल मटटू शिमला, प्रीतमचंद रैना चंबा से, बृजेश चावरिया कुल्लू और सभी जिला के स्थानीय प्रधानों ने अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार होने पर खुशी व्यक्त की है और कहा है कि अयोध्या में जो हवाई अड्डे का नाम भगवान वाल्मीकि जी के नाम पर रखा गया है उसके लिए समस्त वाल्मीकि समाज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि कोटि धन्यवाद करते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने भगवान राम जी जीवन पर प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म की नींव रखी थी। इस खुशी की बेला पर समस्त सनातनी समाज से निवेदन है कि 22 जनवरी को भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर में दीपमाला अवश्य करें और सभी भगवान वाल्मीकि मंदिरों में भजन कीर्तन करके प्रभु का गुणगान किया जाए। अंकुश घोष ने कहा कि अयोध्या में आस्था का केंद्र राम मंदिर और भगवान वाल्मीकि के नाम से हवाई अड्डे का निर्माण दुनिया भर के लोगों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। आने वाले दिनों में ये स्थान अध्यात्म और आस्था का सबसे बड़ा केंद्र होगा। हम वाल्मीकि समाज के लोग एक बार फिर से इस नेक कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी का आभार व्यक्त करते हैं।

# आकृति मिस, कार्तिक चुने गए मिस्टर फ्रेशर

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**आस्था कॉलेज ऑफ** एजुकेशन (बीएड कॉलेज) कुनिहार में नए छात्रों के लिए फ्रे शर पार्टी व नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। दो चरणों में आयोजित इन कार्यक्रमों में जहाँ सर्वप्रथम कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने नववर्ष 2024 का स्वागत कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कॉलेज प्रवक्ता जयपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के पहले चरण में बीएड



प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रे शर पार्टी आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें मृणाल व वैशाली द्वारा युगल नृत्य, तमन्ना एंव ग्रुप द्वारा पंजाबी भांगड़ा, कल्पना व निकिता द्वारा पहाड़ी नृत्य व दीक्षा द्वारा एकल नृत्य ने समा बांध दिया। इस दौरान नए प्रशिक्षुओं के लिए फ्रे शर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने रैंप पर अपने जलवे बिखेरे। प्रतियोगिता में आकृति को मिस और कार्तिक को मिस्टर फ्रे शर चुना गया। इसके अतिरिक्त चेतना व हर्ष को फ र्स्ट रनर अप व रश्मि और निशांत को मिस व मिस्टर परसोना चुना गया। दूसरे चरण में कॉलेज के सभी प्रशिक्षुओं ने मिलजुल कर नववर्ष 2024 का स्वागत किया और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। इसमें रक्षधा व अंजली द्वारा गड़वाली नृत्य, अंकुश व ग्रुप द्वारा कव्वाली, विश्व, पूनम व सपना द्वारा पंजाबी नृत्य, राधा द्वारा एकल नृत्य, रोहित एवं ग्रुप की पहाड़ी नाटी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा।

## न्यूज फ्लैश

### जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता 10 जनवरी को संस्कृति सदन मंडी में होगी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। जिला भाषा** अधिकारी मंडी प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों, लोक परम्पराओं और सांस्कृतिक विधाओं के प्रोत्साहन, संरक्षण और संवर्धन करने के लिए हर वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाता है। इसी कड़ी में भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा संस्कृति सदन मंडी में 10 जनवरी को जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित करवाने जा रहा है। लोक नृत्य प्रतियोगिता में उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिला के 15 सांस्कृतिक दल भाग लेंगे। प्रतियोगिता में लुड्डी, नागरीय नृत्य, सिराजी नाटी, सुकेती नाटी,चरकटी नृत्य इत्यादि लोक नृत्य व वाद्य यंत्रों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए थे।

### सब्जी विक्रेताओं का नहीं करेंगे विस्थापन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। नगर निगम** के प्रवेश द्वार को लेकर छिड़े विवाद के बीच सोमवार को महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भी यहां फ ल सब्जी विक्रेता हैं उनको दूसरे स्थान पर शिफ्ट नहीं किया जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए उच्च स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। नगर निगम द्वारा यहां पर गेट का निर्माण किया जा रहा हैं जिसको लेकर निगम के जनरल हाउस से प्रस्ताव भी पारित हो गया हैं। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर यह कार्य ठेकेदार को अवार्ड हुआ। वीरेंद्र भट शर्मा ने कहा कि जब पिछले कल ठेकेदार द्वारा यहां पर कार्य करना शुरू किया तो कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई गई। उन्होंने कहा कि लोग किस बात की आपत्ति जता रहे हैं इसकी उन्हें जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो यहां पर 40 वर्षों से फल सब्जी का व्यापार कर रहे उनको नहीं उजाड़ा जाएगा बल्कि नगर निगम का प्रवेश द्वार पुराने स्थान से निकाला जाएगा ताकि दूसरी तरफ जहां ये सब्जी विक्रेता व्यापार करते हैं वह सेफ जोन बन सके। वर्तमान में जब भी निगम की गाड़ी निकलती हैं तो इनको अपना सामान समेटना पड़ता हैं। दूसरी तरफ से प्रवेश द्वार बनने पर यह लोग सुरक्षित होकर अपना व्यापार कर सकते हैं। इसके साथ ही इसी स्थान पर कुछ लोग भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की बात कर रहे हैं।

# गुल्हाडी पंचायत अब घर द्वार से कूड़ा करेगी एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/कसौली/विशाल**

धर्मपुर ब्लॉक के तहत आने वाली गुल्हाडी पंचायत अब घर द्वार से कूड़ा एकत्रित करेगी। यह जानकारी देते हुए पंचायत उपप्रधान दिनेश गोवेर्धन ने बताया कि ग्राम पंचायत गुल्हाडी प्रत्येक वार्ड में जाकर ग्राम सभा आयोजित कर लोगो को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं जहा पंचायत में तीन वर्षों से ग्रामीण पंचायत की गाड़ी में कूड़ा डालते थे, उसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अब पंचायत स्वंय घर द्वार जाकर कूड़ा एकत्रित करेंगी। सोमवार



को इसी मुहिम के तहत थड़े के ठाकुर द्वारा वार्ड में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड के सभी बुद्धिजीवी लोगो ने पंचायत की इस पहल की जमकर सराहना की। पंचायत प्रधान कमलेश कुमारी ने लोगों से आग्रह किया कि पंचायत की इस पहल में सभी ग्रामीण, पंचायत का साथ दे तथा अपने घरों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखे जिसे पंचायत स्वंय एकत्रित करेगी।वहीं कसौली की वेस्ट वारियर ने भी उपस्थित लोगो को सफ ाई के प्रति जागरूक किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गुल्हाडी की सफ ाई के प्रति इस मुहिम की चौतरफ ा सराहना की जा रही है।इस अवसर पर वार्ड सदस्य सीमा देवी सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### 9 को बिजली रहेगी बंद

**मंडी। 132 केवी** कांगू बिजणी लाइन की जरूरी मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जायेगा। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुक्म चंद ने देते हुए बताया कि रख रखाव के दृष्टिगत 9 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत अनुभाग साईगलू, गोखड़ा, बीर, कोटली, भरगांव तथा कडकोह के तहत आने वाले कसाण, सदयाणा, साई, पपराहल, धडयाना, बग्गी, गोखड़ा, बटाहर, सेहली, लोट, तल्याहड़, रंधाड़ा, पधियूं, तांदी, पतरोण, बीर लाग, सदोह, तरनोह, धन्यारा, बरयारा, कोटली, समराहण, ढंढाल, सुरारी, भरगांव, अलग, कोट, कून,डवाहण, लागधार, सताहन व खलाणू में बिजली बंद रहेगी।

# पेंशन केस जारी करने के लिए प्रधान महालेखाकार को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**गत दिवस को प्रदेश** अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में नई पेंशन कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल प्रधान महालेखाकार सुशील कुमार से उनके कार्यालय में मिला। संगठन द्वारा पुरानी पेंशन बहाल होने के बाद बहुत कम समय अवधि में जीपीएफ नंबर जारी करने तथा रिटायर कर्मचारियों के पेंशन केस जारी करने के लिए प्रधान महालेखाकार सुशील कुमार को सम्मानित किया तथा उनका व उनके कार्यकाल के सभी



सहयोगियों का धन्यवाद किया। प्रदीप ठाकुर ने कहा की महालेखाकार कार्यालय ने जीपीएफ नंबर बहुत कम समय में जारी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिमाचल प्रदेश के सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन मिलना भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा प्रधान महालेखाकार कार्यालय की और से अब तक लगभग 1,20,000 जीपीएफ नंबर जारी किया जा चुके हैं बहुत जल्द बाकी बचे कर्मचारियों के नंबर भी जारी हो जाएंगे। प्रदीप ठाकुर ने कहा की प्रदेश 800 कर्मचारियों को पेंशन मिलनी शुरू हो गई है जिसके लिए उन्होंने प्रधान महालेखाकार महोदय का धन्यवाद किया। इस मौके पर ये रहे उपस्थित राज्य महासचिव भरत शर्मा, लेख राज अध्यक्ष जिला मंडी।

# पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि केरल प्रवास पर



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**जिला की विभिन्न** पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों और पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों का 30 सदस्यीय दल आजकल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत केरल प्रवास पर है। इस प्रवास के दौरान इन पंचायत जनप्रतिनिधियों ने केरल की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं एवं संस्थानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करके स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया तथा विकास कार्यों की जानकारी ली।

विधायक केवल सिंह पठानिया, डॉ. हंसराज, मलेंद्र राजन और अन्य विधायकों से भी मिले ये जनप्रतिनिधि इन्हीं दिनों, दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों के अध्ययन प्रवास पर गई हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्य शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, चुराह के विधायक डॉ. हंसराज, इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन और अन्य विधायकों से भी मिले। उन्होंने समिति के सदस्य विधायकों के साथ अपने कई अनुभव भी साझा किए। हमीरपुर से गए पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के दल में जिला परिषद के धनेटा वार्ड के सदस्य संजय चौधरी, बमसन ब्लॉक के बीडीसी सदस्य कैप्टन तिलक राज शर्मा और शकुंतला ठाकुर, बीडीसी भोरंज की बीना देवी, बीडीसी हमीरपुर की नीलम कुमारी, बिझड़ी पंचायत के प्रधान संजय कुमार, महारल की प्रधान विजया कुमारी, अमलैहड़ की सोनिया ठाकुर, बरधियाड़ की रीता देवी, मती टीहरा की पुष्पा कुमारी, कलूर के राजेंद्र कुमार, दंगड़ी की अनीता देवी, सधरयाण पंचायत के उपप्रधान रवि कुमार, अमलैहड़ के तिलकराज, मझियार के राकेश कुमार, बेला के अजय शर्मा, गाहली के कपिल ठाकुर, दंगड़ी के नसीब सिंह, बरधियाड़ के गोविंद सिंह और हड़ेटा के उपप्रधान संजय कुमार शामिल हैं।

### कर्मचारी के निधन पर शोकसभा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला। सूचना** एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशालय में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत सरोज देवी का गत दिनों देहांत हो गया। आज निदेशालय में एक शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजीव कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। सरोज देवी ने लगभग 34 वर्ष तक विभाग में अपनी अनुकरणीय सेवाएं प्रदान कीं।

# समाज के उत्थान के लिए शिक्षा स्तर का महत्वपूर्ण योगदान: कुलदीप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**विधानसभा अध्यक्ष** कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षण संस्थानों व बेहतर शिक्षा स्तर का महत्वपूर्ण योगदान है। विधानसभा अध्यक्ष रविवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरान्त बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बुनियादी स्तर पर गुणात्मक व आधुनिक शिक्षा सुविधा घरद्वार पर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे स्कूल की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास करते रहें और



बच्चों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करें।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में श्री निवास रामानुज योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं। टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में आसानी होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को और अन्य ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध करवाने में लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि जिला में 449 टैब मेधावी विद्यार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने टैब प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फ ल है कि उन्हें आज टैब मिले हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने अन्य बच्चों को भी विजेता बच्चों से प्रेरणा लेने का आह्वान ताकि वह भी आगामी वर्ष में पुरस्कार लेने के हकदार बन सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल की चार दिवारी का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा और स्कूल के भवन की मरम्मत के लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही में उन्होंने विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नगर पंचायत चुवाड़ी में निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाने के लिए पेयजल योजना के संवर्धन के लिए 25 करोड रुपए की कार्य योजना को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वचनबद्ध हैं। इस दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र भटियात के अंतर्गत आने वाले सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 10वीं व 12वीं परीक्षा में मेरिट में स्थान हासिल करने वाले 101 विद्यार्थियों को टैबलेट भी वितरित किए।

# स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा का उपयोग होगा सुनिश्चितः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर** सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। यह बात उन्होंने आज यहां स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्रालय का सृजन करने पर भी विचार किया जा रहा है। देशभर में इस तरह की महत्वकांक्षी पहल पहली बार होगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा



कि प्रदेश सरकार हमीरपुर में राष्ट्रीय कैंसर केन्द्र स्थापित करने जा रही है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जा रही हैं। इस केन्द्र में मुख्य तौर पर अस्पताल, पालीऐटिव केयर, सेंटर फ ॉर प्रिवेन्टिव ऑन्कोलोजी और सेंटर फ ॉर मोलीक्यूलर ऑन्कोलोजी विभाग होंगे। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र में हाई.एंड प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा और विश्व स्तरीय डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जाएगी। इस केन्द्र में मोलीक्यूलर ऑन्कोलोजी सहित अनेक नवीन प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर मरीजों को श्रेष्ठतम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य में कार्यशील कैंसर केयर यूनिट को भी सुदृढ़ किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने साप्ताहिक गिरिराज का वार्षिक कैलेंडर-2024 जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के साप्ताहिक समाचार पत्र गिरिराज का वार्षिक कैलेंडर-2024 जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में गिरिराज साप्ताहिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों के सुधार के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी निर्णय लिए हैं और सरकार की इन पहलों की आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंच सुनिश्चित करने में इस



साप्ताहिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क राजीव कुमार, गिरिराज साप्ताहिक के वरिष्ठ संपादक डॉ. राजेश शर्मा,सम्पादक रीना नेगी और सहायक सम्पादक योगराज शर्मा भी उपस्थित थे।

# राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता का 25 करोड़ की राशि से बनेगा भव्य भवन: विधानसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**विधानसभा अध्यक्ष** कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में राजकीय आदर्श विद्यालय सिहुन्ता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के साथ आंनदोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान स्कूल परिसर में बॉक्सिंग रिंग का लोकार्पण भी किया। खास बात यह है कि जिला में किसी भी राजकीय शिक्षण संस्थान में स्थापित होने वाला ये पहला बॉक्सिंग रिंग है। कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। शिक्षकों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में ऐसे गुणों समावेश किया जाना आवश्यक है जो भविष्य में बच्चों को ऊंचाइयों की तरफ ले जाए। उन्होंने इस दौरान अपने स्कूल के समय की पूर्व स्मृतियों को याद



करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 25 करोड़ रूपयों की धनराशि से राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता का एक भव्य भवन बनाया जाएगा। साथ में उन्होंने कहा कि ग्रामीण मल निकासी सीवरेज योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख क्षेत्र को शामिल किया गया है। इनमें ककीरा तथा सिहुन्ता भी शामिल हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने राजकीय आदर्श विद्यालय सिहुन्ता में अतिरिक्त भवन निर्माण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, थाना प्रभारी रमन कुमार, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, स्कूल विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य लोगों उपस्थित रहे।

# 22 जनवरी ऐतिहासिक दिन, भगवान राम के स्वागत के लिए घर-घर जलाए दीप

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**22 जनवरी ऐतिहासिक** दिन है इस दिन को यादगार दिन बनाने के लिए घर-घर दीप जलाएं भगवान राम का स्वागत भव्य एवं शानदार तरीके से स्वागत करें यह बात केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत टोनी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित सेक्टर प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहि उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद यह ऐतिहासिक दिन आया है जब भगवान श्री राम अयोध्या में बनकर तैयार हो रहे भव्य राम मंदिर में



प्रवेश करेंगे पूरे देशवासियों के लिए ऐतिहासिक पल होगा इसलिए देश के नागरिक और विशेष रूप से प्रदेश की जनता इस दिन को यादगार देने बनाने में कोई कसर न छोड़े उन्होंने कहा कि अपनी पंचायत के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भक्ति संगीत का कार्यक्रम आयोजित करें घर-घर दीप जलाएं अपने शहर अपने गांव अपनी पंचायत को दीपमाला से सुसज्जित करें सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया की लोकसभा चुनाव के मध्य नजर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनाए गए तमाम सेक्टर में विशेष बैठक केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आयोजित कर रहे हैं। सेक्टर प्रभारियों कि इस बैठक में ग्राम केंद्र अध्यक्ष त्रिदेव सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित होकर जो उचित दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

उन पर आने वाले दिनों में काम करेंगे इसको लेकर जानकारी दी जा रही है उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र को 7 सेक्टर में विभाजित किया गया है जिसमें 6 सेक्टर विधानसभा क्षेत्र और सातवां सेक्टर शहरी इकाई का बनाया गया है।

# लोक निर्माण मंत्री ने किया कैल्शियम क्लोराइड और ब्राइन प्लांट का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**शिमला में बर्फ** बारी के दौरान कोई दुर्घटना न हो इसके चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा शिमला में कैल्शियम क्लोराइड और ब्राइन का प्लांट लगाया गया हैं, जिसका पानी के साथ मिश्रण सडकों पर छिडका जाएगा जो बर्फ को सडकों और पगडंडियों पर पिघलाने का कार्य करेगा।यह जानकारी आज यहाँ लोक निर्माण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कैल्शियम क्लोराइड और ब्रायन का प्लांट का शुभारम्भ करने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि अक्सर बुजुर्ग और



बच्चे सडकों पर जमी हुई बर्फ पर चलते हुए गिर कर घायल हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब इस विधि से सडकों पर बर्फ नहीं जमेगी जिससे बर्फ बारी के दौरान यातायात सुचारु रहेगा और हादसों का खतरा भी काम हो जायेगा।

## नेशनल प्रतियोगिता में ठाकुर कुश्ती अकादमी के पहलवानों ने जीता रजत और कांस्य

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर।**

**केन्द्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड द्वारा सोनीपत हरियाणा में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर के पहलवान आदित्य ने रजत व तुषार ने कांस्य पदक हिमाचल प्रदेश के लिये अर्जित किया। इस उपलब्धि के लिये हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ के तमाम पदाधिकारियों के साथ कुश्ती प्रेमियों ने विजेता पहलवानों के साथ ठाकुर कुश्ती अकादमी के कोच विवेक ठाकुर को बधाई दी है। क्षेत्र भर के कुश्ती प्रेमियों ने ठाकुर कुश्ती अकादमी के कोच विवेक ठाकुर के प्रयासों की सराहना की है।

# अनिरूद्ध सिंह ने किया नालदेहरा क्षेत्र का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**ग्रामीण विकास** एवं पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज यहां कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नालदेहरा के पंचायत घर सभागार में आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव कार्य कर रही है और प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कृत संकल्प हैं। उन्होंने बताया कि इस कड़ी के तहत राज्य सरकार ने पंचायत घरों को बनाने के लिए धनराशि को 33 लाख रुपये से 1 करोड़ 14 लाख रुपये किया है और



इस दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।

**नालदेहरा पंचायत घर के लिए दिए 30 लाख रुपये**

उन्होंने नालदेहरा क्षेत्र में सभी सम्पर्क मार्गों को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए ताकि लघु एवं सीमांत किसानों की आर्थिकी को संबल प्रदान हो और उनकी आय में इजाफा हो सके। उन्होंने पंचायत घर नालदेहरा को सुदृढ़ करने के लिए 30 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की और महिला मण्डल सियों के लिए 5 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की। कैबिनेट मंत्री ने नालदेहरा क्षेत्र में स्थानीय बाशिंदों को आश्वासन दिया कि उन्हें पेयजल की समस्या से शीघ्र निजात दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने नालदेहरा क्षेत्र में हिमाचल पथ परिवहन निगम की नियमित सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया ताकि ग्रामीण लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिले। इससे पूर्व भूतपूर्व मंत्री रूप दास कश्यप ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया।

**कोगी वार्ड में जनसभा को किया संबोधित**

इसके उपरांत अनिरूद्ध सिंह ने कोगी वार्ड में जनसभा को संबोधित किया और कहा कि मानसून आपदा के बावजूद वर्तमान कांग्रेस सरकार विकास कार्यों को नई दिशा दे रही है और युवाओं के लिए सरकारी नौकरी में पारदर्शिता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने सामुदायिक केन्द्र कोगी के लिए 5 लाख रुपये की राशि प्रदान की और खेल मैदान की फेंसिंग के लिए 3 लाख रुपये की राशि प्रदान की।

# किंडरगार्टन के बच्चों को करवाई गई शारीरिक गतिविधि

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**शहर के प्रतिष्ठित** ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में नर्सरी के बच्चों को करवाई गई शारीरिक गतिविधि । गेंदों से खेलने से शारीरिक गतिविधि मनोरंजक हो जाती है। इससे बच्चों की मोटर स्किल बढ़ती है। इस गतिविधि से बच्चों ने सीखा की चीजों को किस तरह से पकड ?ा होता है। गेंद से खेलने के बहुत सारे फायदे होते हैंए इससे अपना परिवेश समझने में मदद मिलती है। बाल प्ले विकास के कई क्षेत्रों में लाभ प्रदान करता हैए जिसमें हाथ .आंख समन्वय ए समझने का कौशल और संतुलन शामिल है। वास्तव में बच्चों को गतिशील और सक्रिय बनाने का यह एक शानदार तरीका है। गेंद खेलना एक अत्यंत प्रभावी व्यायाम है



जिसे खेल दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। गेंद खेल से बच्चों में आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप कम उम्र से ही बच्चों के साथ गेंद खेलने का प्रयास करें। शारीरिक गतिविधि सबसे महत्वपूर्ण होती है। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने से मस्तिष्क स्वास्थ्य में सुधार होता हैए हड्डी और मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। जो लोग शारीरिक व्यायाम नहीं करते हैं उनके ज्यादा बीमार होने की संभावना होती है। इसलिए बच्चों को शारीरिक व्यायाम करवाना बहुत आवश्यक है जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सके।

## श्री नयना देवी जी भाजपा अप्पर मंडल ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**भारतीय जनता पार्टी** मण्डल श्री नयनादेवी जी ;अप्परद्ध किसान मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ठाकुर ने श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकताओं से चर्चा करने के उपरान्त अप्पर मण्डल किसान मोर्चा कार्यकारिणी की आज घोशणा कर दी। उन्होंने कोठी हरडी छकोह से हरि राम शर्मा, सैकली से प्रेम लाल ठाकुर, दयोथ से राजेन्द्र पाल, करोट से रामपाल, आसामझारी से हरि राम व चन्दपुर सिकरोहा से जगदीश ठाकुर को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होने जामली से भगत राम ठाकुर व सायर डोभा से राजेन्द्र कुमार को महामन्त्री नियुक्त किया। उन्होने बताया कि जुखाला से जगदीश ठाकुर प्रधान, चिल्ला से वेद प्रकाश, गुरौड सोलधा से कमल लाल, दिगथली से हेत राम, नालग जुखाला से कृष्ण लाल व स्योहला से भगवान दास सचिव का दायित्व निभाएंगे। कोठीपुरा से रविन्द्र कुमार बिन्दू को मीडिया प्रभारी, साई ब्राहमणा कचैली से प्यारे लाल को सोशिल मीडिया प्रभारी तथा कोहल काटल घ्याल से हेमन्त कुमार को आईटी प्रमुख का जिम्मा सौंपा है।

# इंद्र दत्त लखनपाल ने दैण और सौर में सुनीं जनसमस्याएं

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत किया कई जनसमस्याओं का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**प्रदेश सरकार** द्वारा 8 जनवरी से 12 फ रवरी तक आरंभ किए गए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने ग्राम पंचायत दैण और ग्राम पंचायत सौर में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घरद्वार पर ही करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक और सराहनीय पहल करते हुए सरकार गांव के



द्वार कार्यक्रम आरंभ किया है। इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए करोड़ों रुपये की नए परियोजनाओं का खाका तैयार किया गया है। आगामी बजट में इन परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान भी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की विभिन्न संपर्क सडकों के कार्य आरंभ करने के लिए जमीन संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी गोविंदसागर झील से एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना का कार्य आरंभ किया जा रहा है। इंद्र दत्त लखनपाल ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे आम लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिक को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने की नौबत नहीं आनी चाहिए। उक्त दोनों कार्यक्रमों में विधायक ने कई जनसमस्याएं सुनीं और इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया, जबकि अन्य जनसमस्याओं के अतिशीघ्र समाधान के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

## बरठीं में नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए जन प्रतिनिधियों ने किया मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। बरठीं में समाज** सुधार समिति बरठीं जोन द्वारा बैठक का आयोजन पंचायत प्रधान कुलदीप धीमान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के इस मौके पर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के करीब चार दर्जन लोगों ने वर्तमान सामाजिक परिवेश पर विस्तार से चर्चा करते हुए भावी पीढ़ी को नशे से कैसे बचाया जाए पर गहन मंथन किया। समिति के प्रधान कुलवंत सिंह ढटवालिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में पांव पसार चुके चिट्टे जैसे नशे को समाज से उखाड़ फैंकने की बात पर बल दिया।

# सदर खंड और शहरी इकाई के पैंशनर्ज ने किया मांगों पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**हिमाचल प्रदेश** पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर सदर खण्ड और शहरी इकाई की संयुक्त बैठक दौलत राम चैहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से जिला महासचिव चेत राम वर्मा और प्रदेश के मुख्य सलाहकार जेके नड्डा उपस्थित रहे। बैठक में दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। सचिव राम प्रकाश वर्मा ने बताया कि आज बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया है कि 7 तारीख को अगर कोई सरकारी छुट्टी या रविवार का दिन आए तो उससे अगले दिन मासिक बैठक हुआ करेगी ताकि पेंशनर



अपने सरकारी या बैंक के काम भी निपटा लिया करेंगे। बैठक में 17 दिसंबर 2023 को अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस सम्मान समारोह को मनाने के लिए सफल आयोजन के लिए समस्त पेंशनरों ने सराहना की तथा कार्यक्रम आयोजित किए जाने वाली सभी समितियों का धन्यवाद किया। बैठक में प्रधान बेरी बरमाना इकाई प्रेम सिंह चंदेल ने कहा कि सरकार ने एक साल बिताने के बाद अब विधान सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशनरों को अभी अपने बकाया भुगतान एरियर और महंगाई भत्ते की किस्तों के लिए दो साल का इंतजार करना पड़ेगा जो व्यवहारिक नहीं है। बैठक में पंजगाईं इकाई के प्रधान बाबू राम गौतम और जय कृष्ण शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि पहली जनवरी 2016 से पेंशनरों और कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान मिला है। जिसे 8 वर्ष पूर्ण हो गए और 2 साल के बाद अगला वेतन आयोग गठित हो जायेगा, लेकिन अभी पिछला बकाया नहीं मिलने से पेंशनरों में भारी रोष है। सुशील पुंडीर ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने पेंशनरों को भी दो श्रेणियों में बांट दिया है, जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक पेंशनरों को सिर्फ एरियर में सिर्फ 20 प्रतिशत का ही भुगतान किया जा रहा है और फरवरी 2022 के बाद सेवा निवृत कर्मचारियों को पूरे लाभ मिल रहे हैं। सरकार का यह दोहरा मापदंड व्यवहारिक नहीं है और अन्यायपूर्ण हैं। गोपाल दास शर्मा संगठन सचिव ने कहा कि सरकार से प्रदेश संगठन ने कई बार मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की लेकिन समय नहीं मिला और 17 दिसंबर को होने वाले प्रदेश स्तरीय वार्षिक कार्यक्रम भी टाल गए क्योंकि सरकार के पास देने के लिए पैसे नहीं और आर्थिक संकट है। सदर खंड के प्रधान ने कहा कि सरकार प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के लिए संयुक्त सलाहकार समिति गठित करके पेंशनरों की मांगों पर विचार करके उनका समाधान किया जाए।

# अपराजिता में चम्बा की अभियान के तहत महिला प्रतिनिधियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**उपायुक्त अपूर्व** देवगन की अध्यक्षता में विकासखंड चंबा के समिति हाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास के सौजन्य से अपराजिताः मैं चम्बा की अभियान के तहत महिला पंचायत प्रतिनिधियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मासिक धर्म के प्रति लोगों में फैली भ्रांतियां को दूर करने की आवश्यकता है इसी उद्देश्य से अपराजिता मैं चंबा अभियान की



शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़े हुए है इसलिए महिला और किशोरियों के लिए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और खुलकर बात करने के लिए जागरूक में महिला पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के प्रति जागरूकता और उसके प्रचार प्रसार के लिए ग्राम सभा में भी एजेंडा रखा गया है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया में बज रहा भारत का डंका : बख्शीश सिंह विर्क

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कुताना गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे सैकड़ों ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी के स्क्रीन पर संदेश को उत्साह व उमंगपूर्वक सुना। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव, वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को प्रधानमंत्री आवास योजनाए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड व कई अन्य योजनाओं की वर्तमान स्थिति के लाभ से भी अवगत कराया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत के संदर्भ में शपथ भी ली।

उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों के स्टालों का अवलोकन किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशवासियों द्वारा दी गई एक-एक वोट आज विश्व स्तर पर हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। विकसित भारत की नींव रखी जा चुकी है। आने वाले 25 सालों में हम आजादी के 100 वर्ष जब पूर्ण करने जा रहे होंगे तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुके होंगे। उन्होंने कहा कि भारत बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। आने वाले समय में दुनिया को भारत की ताकत का अंदाजा हो जाएगा। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है। आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ है, वहीं बहुत से क्षेत्र हैं जहां हम आत्मनिर्भर भी हुए हैं। इस मौके पर गांव के खिलाडियों, सामाजिक कार्यकताओं और मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में उज्ज्वला योजना के तहत मौके पर ही दो महिलाओं को गैस कनेक्शन भी वितरित किए गये। इस अवसर पर एससीपीओ रवि कुमार, बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा, सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह, गांव की सरपंच परमजीत कौर, प्रेम पाल पंचायत मैंबर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### अब पैक्स के माध्यम से पीएम जन-औषधि केंद्रों में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएँ ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को भी उपलब्ध होंगी: अमित शाह

**लखनऊ:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को 5 राज्यों के पैक्स को प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि केंद्र के संचालन के लिए स्टोर कोड वितरित करने के कार्यक्रम में यह स्पष्ट किया कि, अब पैक्स के माध्यम से पीएम जन-औषधि केंद्रों में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएँ ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को भी उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने वाले शाह की देख-रेख में देश भर की 2,373 पैक्स को सस्ती दवा की दुकान यानी जन-औषधि केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। अंत्योदय की राजनीति करने वाले दिग्गज नेता अमित शाह के इस कदम से अब पैक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों और किसानों को भी सस्ती दवाइयाँ मिल पाएंगी। इसके पहले इसका फायदा सिर्फ शहर के गरीबों को ही मिलता था, क्योंकि जन-औषधि केंद्र ज्यादातर शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। बीते 10 साल में मोदी सरकार में फार्मेसी के क्षेत्र में ढेर सारे सुधार हुए हैं और आज पूरे विश्व में भारत फार्मा क्षेत्र में अग्रणी उत्पादक देश बन गया है। दुनिया भर को दवाएँ भेजने वाले भारत में 60 करोड़ की आबादी महंगी दवाएँ खरीद ही नहीं पाते थे। लेकिन अमृतकाल में जेनरिक दवाओं की व्यवस्था को स्ट्रीमलाइन कर भारतीय जन-औषधि केंद्र के माध्यम से 60 करोड़ गरीबों तक दवाइयाँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं। आज ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा सुधार हुआ है। मोदी जी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को साकार करने की दिशा में दिन-रात जुटे शाह की नीतियों के तहत अब सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से सुदूर गाँवों तक जन-औषधि केंद्रों की पहुँच बढ़ रही है। शाह का स्पष्ट मानना है कि सहकारिता एवं स्वास्थ्य का यह संगम समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का संगम है। आज कई राज्यों में सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से पैक्स की शुरूआत हुई है और लगभग 2,300 पैक्स गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में ग्रामीण क्षेत्र में सस्ती दवाइयाँ पहुँचाने का काम कर रहे हैं। पाँच पैक्स को सिंबॉलिक सर्टिफिकेट भी दिए गए जिसमें महाराष्ट्र, बिहार, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। गरीबी को मिटाने और गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय 2 लाख नए पैक्स बनाकर हर पंचायत तक पैक्स पहुँचाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। स्वास्थ्य सुधार के लिए बीते 9 सालों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, मलेरिया मुक्त भारत, सार्वभौमिक टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, फिट इंडिया, खेलो इंडिया और डायलिसिस प्रोग्राम जैसे ढेर सारे कार्यक्रमों का जाल बुन दिया गया है।

# शहर में नगर निगम के 6 रैन बसेरे, बेघर व्यक्ति बाहर न सोएं: अभिषेक

## रैन बसेरों में कम्बल, गद्दे, हीटर, बिजली-पानी व शौचालय जैसी सुविधाएं हैं उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नगर** निगम की ओर से शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बनाए गए रैन बसेरे बेघर लोगों को आश्रय देकर उन्हें कडकती ठंड से बचा रहे हैं। इनमें एक स्थाई और 5 अस्थाई रैन बसेरे हैं, जिनमें बेसहारा व्यक्ति रात गुजारते हैं। रैन बसेरे किस-किस लोकेशन पर स्थापित हैं, इसके लिए नगर निगम की ओर से शहर की विभिन्न लोकेशन पर फ्लैक्स बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि बाहर से आए बेघर



व्यक्ति को इनकी जानकारी मिल सके। रैन बसेरों में गर्म कम्बल, गद्दे, हीटर, पीने का पानी, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं दी गई है। सभी रैन बसेरे अच्छी कंडीशन में रहें, इसके लिए चौकीदार की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनकी साफ-सफाई के लिए एक-एक सफाई कर्मी की ड्यूटी भी लगाई गई है।

इन स्थानों पर लगाए बोर्ड-नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि रैन बसेरों की जानकारी के लिए शहर की विभिन्न मुख्य जगहों पर फ्लैक्स बोर्ड प्रदर्शित किए गए हैं। ऐसे बोर्ड पुराना बस अड्डद्दा, महर्षि वाल्मिकी चौक, सैक्टर-6 स्थित सांई बाबा मंदिर चौक, आई.टी.आई. चौक, गुरू ब्रह्मद्दानंद चौक, मेरठ रोड स्थित ताऊ देवी लाल चौक, निर्मल कुटिया चौक, बुढ़ाखेडा मंगलपुर चौक, बगवाडि गैस एजेंसी चौक, मुगल कैनाल स्थित लेबर चौक, महाराजा अग्रसेन चौक तथा नमस्ते चौक पर बोर्ड लगाए गए हैं।

निगमायुक्त ने बताया कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो शहर में यहां-वहां रात गुजारते हैं, अर्थात इनके पास अपना कोई घर नहीं है, लेकिन सर्दी में खुले में रात गुजारना दुष्कर है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इनमें से एक शहर के प्रेम नगर में स्थाई रैन बसेरा हैं, जिसमें करीब 80 व्यक्तियों के ठहरने का इंतजाम है।

## सामान से लदे ट्रक को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। थाना** सिविल लाइन की पुलिस चौकी सेक्टर 13 की टीम ने आरोपी मोहम्मद एहसान पुत्र शमशाद वासी माडी वाला टाउन मणिमाजरा चंडीगढ़ और शमशीद अहमद पुत्र मोहम्मद फारुख वासी कच्ची कॉलोनी धनास चंडीगढ़ को निर्मल कुटिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल सेंट्रो कार भी बरामद की है। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से लूटा गया ट्रक और उसमें लोड सामान भी बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में 24 दिसंबर को ललन कुमार वासी गुरुनानक नगर तिलकवेस्ट, दिल्ली ने शिकायत दी थी कि 23 दिसंबर को उसका ट्रक एचआर55एक्यू-9070 जो कि अलीपुर उत्तर प्रदेश से सामान का लोड होकर जम्मू के लिए चला था, को पांच अज्ञात आरोपियों ने मेरठ चौक करनाल के पास से सामान सहित लूट लिया था और उसके ड्राइवर को भी कार में लेकर चले गए थे। इसके बाद ड्राइवर से भी पैसे छीनकर उसको यमुनानगर जंगल में छोड़ दिया था। ड्राइवर के यमुनानगर



से किसी तरह वापिस आने पर मालिक को सारी आपबीति बताने पर मालिक ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सामान सहित ट्रक लूटने और ड्राइवर को किडनैप करने बारे शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में किडनैप कर लूट करने के जुर्म में आईपीसी की धारा 365, 392 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## करनाल के अंकित राणा ने जीता मॉडलिंग में मिस्टर हरियाणा का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। कर्णनगरी के** युवा मॉडल अंकित राणा ने अपने शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अंकित ने नोएडा फिल्म सिटी में आयोजित मिस्टर एशिया सुपर मॉडल-2023 प्रतियोगिता में मिस्टर हरियाणा का खिताब अपने नाम किया, जिससे उनके प्रशंसकों में खुशी का माहौल है।



अंकित करनाल जिला के गांव कैरवाली के रहने वाले हैं। अंकित ने बताया कि नोएडा फिल्म सिटी में मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से पहुंचे मॉडल्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। करनाल से अंकित ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मॉडलिंग में मिस्टर हरियाणा का खिताब जीता। इस दौरान टीवी जगत की प्रसिद्ध शख्सियत एवं जाने-माने मॉडल प्रिंस नरूला और अभिनेता एवं इंटरनेशनल मॉडल रोहित खंडेलवाल ने अंकित राणा को सम्मानित किया। इसके बाद करनाल पहुंचने पर अंकित राणा का जोरदार स्वागत किया गया। करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी अंकित राणा को सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अंकित राणा ने कहा कि भविष्य में भी वे अपने शहर, प्रदेश व देश का नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर अंकित के पिता ओमप्रकाश राणा, एनपी सिंह प्रधान राजपूत महासभा, रणदीप राणा ज्मालापुर, मनीष राणा सरपंच कैरवाली, सतीश राणा कैरवाली, विकास शर्मा, ओमवीर राणा, जसवीर राणा, बृजपाल राणा, बसंत राणा, मनीष राणा, राजेंद्र राणा, विकास कल्याण, प्रवीण भारद्वाज, विकी राणा, अंग्रेज सिंह, सागर शर्मा, हरवीर सिंह, कृष्णा जागलान, सुशील राणा, हर्षाय विग, कुनाल मदान, पारस गिरधर, साहिल मल्होत्रा, कृष्णा रोड, भूपेंद्र नौतना, राजेश, राय सिंह व मोनू राणा सालवन सहित अन्य मौजूद रहे।

## 16 ग्राम 80 मिलीग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। मंगलौरा** पुलिस चौकी की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी रणजीत सिंह पुत्र परमजीत सिंह वासी रामनगर करनाल को मोटरसाइकिल पर जाते हुए मंगलौरा के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पॉलिथीन में 16 ग्राम 80 मिलीग्राम से स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी रणजीत के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी रणजीत यह स्मैक उत्तर प्रदेश के भूरा गांव से किसी व्यक्ति से लेकर आया था, जिसको इसे चलते-फिरते नशा करने वालों को ऊंची कीमत पर बेचना था। आरोपी स्मैक के सेवन का भी आदी है।

## गांव गोंदर के युवक पर दो नकाबपोश बाइक सवारों ने की फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले के** गांव गोंदर में दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। युवक को दो गोली लगी हैं, जिसमें से एक गोली घुटने पर लगी है और दूसरी जांघ पर। फायरिंग के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में युवक को परिजनों ने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन परिजन युवक को प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी गोली निकाली। युवक की हालत नॉर्मल है। वारदात के बाद निसिंग पुलिस



एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इक्ठे किए। घायल के बयानों के आधार पर पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोंदर निवासी 24 वर्षीय मुकेश पुत्र मेवा राम एक ड्राइवर है। रविवार रात को वह अपने भाई राकेश, जीजा सचिन और मोहित के साथ दिल्ली से घर लौट रहा था। मुकेश ने बताया कि वह अपनी गाड़ी को मोहित के घर पर खड़ा करके घर वापस लौट रहा था। वह अकेला ही घर लौट रहा था। समय करीब नौ-साढ़े नौ बजे का था। अंधेरा काफी था और कोहरा भी था। वह शमशान घाट के पास पहुंचा ही था, तभी डाचर की तरफ से एक स्प्लेंडर बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश आए, जिनके हाथ में पिस्तौल थी।

मुकेश ने बताया कि बाइक पर चलते-चलते ही पीछे बैठे बदमाश ने उस पर फायर कर दिया। गोली उसके घुटने में जा लगी और वह वहीं पर गिर गया। वह उठने लगा तो बदमाशों ने बाइक रोककर एक और फायर किया और गोली उसकी दाहिनी जांघ में जा लगी।

## मंगलौरा, अमृतपुर कलां नगला मेघा पहुंची संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव मंगलौरा, अमृतपुर कलां और नगला मेघा पहुंची। इस मौके पर घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने लोगों से अपील की कि वे काम करने वालों और झूठे नारे देने वाले नेताओं में अंतर समझें। यह भी अनुरोध किया कि नए मकान बनवाने जैसे लंबित कार्यों के प्रति थोड़ा इंतजार करते हुए संयम रखें। आगामी तीन-चार सालों में उन सभी बीपीएल कार्ड धारकों के नए मकान बनाए जाएंगे, जो इस समय खस्ता हालत में हैं। मंगलौरा में उन्होंने अमृतपुर खुर्द तक की करीब सवा दो किमी लंबी और एक करोड़ 18 लाख



रुपए की लागत से बनी नई सडक का उद्घाटन किया। नगला मेघा में बताया कि गांव में कम्यूनिटी सेंटर के अलावा श्मशान घाट की चारदीवारी के लिए 20 लाख की ग्रांट मंजूर हो चुकी है। अमृतपुर कलां में सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राणा, मंगलोरा में मनजीत और नगला मेघा में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार व प्रवीण कुमार ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तीनों गांवों में

**विकास कार्य**

**8 राज्य में 19 लाख और घरौंडा हलके में 27 हजार और गांव नगला मेघा में 1060 नये बीपीएल कार्ड बने हैं**

विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। मंगलौरा में उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश भी सुना। इस मौके पर हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। अमृतपुर कला में भाजपा के जिला चुनाव संयोजक जगदीश राणा ने और नगला मेघा में धीरज खरकाली ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। खरकाली ने विधायक द्वारा गांव में 9 साल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक हरविंद्र कल्याण ने इस अवसर पर यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी।

साथ ही बताया कि यात्रा के दौरान हर गांव में 80 से 100 लोगों के काम हो रहे हैं। सरकार का प्रयास है के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से राज्य में 19 लाख और घरौंडा हलके में 27 हजार और गांव नगला मेघा में 1060 नये बीपीएल कार्ड बने हैं। इन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

## भाजपा राज में नशे, महंगाई व भ्रष्टाचार का हुआ विकास: मनिंदर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। युवा** कांग्रेस ने आज शहर में जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी के नेतृत्व में नशे के बढ़ते कारोबार, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं ने रोष मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी ने कहा कि भाजपा सरकार की नाक तले शहर में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार ने जिन अपराधियों की प्रोपर्टी तोडने.का अभियान चलाया था, अब फिर से उनका नशे का धंधा फल-फूल रहा है। सीएम आवास के चारों ओर नशे का व्यापार धड़ल्ले से हो रहा है, लेकिन अब इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से जनता बेहाल है। सरकार की मंहगाई पर कोई लगाम नहीं है। गरीब का जीना मुश्किल हो गया है। आज आम आदमी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। भाजपा सरकार के राज में केवल भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ी है। युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। मनिंदर सिंह शंटी ने कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सहित अन्य खाद्य सामग्री की कीमतों में हुई बढ़ोतरी पर रोक नहीं लगा रही है। महंगाई से देश की जनता बेहाल है। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमत से देश की आम जनता पहले से ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के शहरी जिलाध्यक्ष जागीर सैनी, महिला जिला अध्यक्ष नीलम मल्होत्रा, नरेन्द्र कुमार जोगा आधी रीना तोमर, सुमित वाल्मीकि, कर्ण वाल्मीकि, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष तेजान, पूर्व युवा अध्यक्ष गौरव शर्मा, गौतम शर्मा, अभिषेक संधू, अंकित वाल्मीकि, गगन सिंह, सुमित वाल्मीकि, राजा, अमन, चांदी बाजवा, अमन संधू, तपन गोगिया, गौतम शर्मा, हिमांशु शर्मा, काली चरण, राजेश कुमार राव, सन्नी चंदेल, कुनाल देवगन, गौरव चोपड़ा, एहसास अरोड़ा, मेजर विर्क, राघव, सौरव वाल्मीकि, अंकित बागडी, काशी सिंह, रोहित सेठी, विशाल, सुमित आदि मौजूद रहे।

## पटवारियों की जारी हड़ताल से लोग हुए परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला में** 3 दिन के सांकेतिक धरने के बाद पटवारियों की हड़ताल आगे बढ़ती ही जा रही है। बावजूद इसके सरकार पटवारियों की ओर ध्यान देने को बिल्कुल तैयार नहीं है 10 जनवरी तक पटवारियों ने हड़ताल बढ़ा दी है और सरकार की वायदाखिलाफी से खफा पटवारियों ने सरकार को सीधे शब्दों में कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। कड़ाके की ठंड में पटवारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं परिणाम यह है कि लोगों के कामकाज भी ठप हो गए हैं। लेकिन पटवारियों की कोई सुनवाई होती नजर नहीं आ रही सरकार की वादाखिलाफी से परेशान होकर पटवारी धरने पर बैठे हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जब से वह धरने पर बैठे है।

## कैरियर में फोकस प्लानिंग प्रमुख कदम: डॉ. कुलवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय के कुलपति सुधीर राजपाल के मार्गदर्शन में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों की खोज पर केंद्रित एक प्रबुद्ध कार्यशाला का आयोजन किया। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता के प्रयासों से निर्देशित कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को इन क्षेत्रों के विशाल दायरे और संभावित अवसरों के बारे में बताना था।



मुख्य वक्ता डॉ. कुलवीर सिंह बंगरवा ने करियर पथ को आकार देने में रणनीतिक योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में गहनता से अध्ययन किया, जिससे छात्रों को सक्रिय रूप से ऐसे अवसरों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने इन उद्योगों में नौकरी की प्रचुर संभावनाओं पर जोर दिया और इन रिक्तियों का लाभ उठाने के लिए सक्रिय जुड़ाव और सावधानी की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कई आधिकारिक प्लेटफार्मों की सिफारिश की, जो उपयोगी कैरियर संभावनाओं के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते हैं। छात्र कल्याण निदेशक प्रो.रंजन गुप्ता ने अवसरों का लाभ उठाने और व्यक्तिगत लक्ष्यों के बारे में स्पष्टता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे आशंकित न रहें, बल्कि कृषि और बागवानी में उपलब्ध असंख्य करियर मार्गों को आगे बढ़ाने में सक्रिय रहें। कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर अंजनथली के डीन डॉ. रमेश गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि स्पष्ट दृष्टि के साथ आकांक्षाओं को संरेखित करना दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है।

## प्रतिदिन गांवों-गांवों में पहुंच रही 'संकल्प यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर एवं विकसितइ भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' सोमवार को नीलोखेड़ी क्षेत्र के गांव शेखनपुर व चोपड़ी में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर कुंजपुरा ब्लॉक के गांव बजीदपुर में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मेहर सिंह कलामपुरा ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद' का



गर्मजोशी से अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा से वर्चुअल तौर पर जुड़े और उपस्थित जनता ने उनका संदेश सुना।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति कर रहा महसूस : सुभाष चन्द्र**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद कार्य के तहत शेखनपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस

**सम्मान बढ़ा**

**8 नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा**

कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश में विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं देश में शुरू हुई हैं। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, सरपंच शेखनपुर सरदार मलकीत सिंह, जिला पार्षद विक्रम राणा, सरपंच सुल्तानपुर जसमेर, सरपंच गालीबखेड़ी सरदार अमर सिंह, सरपंच भैणी कला सुशील, सरपंच गोबिंदगढ़ अवतार सिंह, पर्व सरपंच शेखनपुर कुलविंदर सिंह(बिट्टू), पार्षद लखविंदर सिंह, पार्षद प्रमोद, दिलप्रीत सिंह, जे ई जसप्रीत सिंह, जय भगवान, राजवीर, हरपाल सिंह नंबरदार, प्रधान करम सिंह, लखविंदर सिंह, हरबंस सिंह, सुखविंदर, अजैब सिंह आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मोदी की गारंटी है, गरीबों का विश्वास : धर्मपाल गोंदर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद कार्य के तहत गांव शेखनपुर व चोपड़ी में आयोजित कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि 'मोदी की गारंटीइ गरीबों का विश्वास है।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना असंध** की टीम ने आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पवन कुमार पुत्र धर्म सिंह वासी गीतापुर करनाल को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से दस हजार रुपए बरामद किए गए। इस संबंध में मनोज कुमार पुत्र जगदीश सिंह वासी रहडा ने शिकायत दी थी कि नामजद आरोपी ने शिकायतकर्ता के साले अभिषेक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दस लाख की धोखाधड़ी की है, जिसमें



आरोपी शिकायतकर्ता को असंध में एक कोचिंग सेंटर पर मिले थे और आरोपी ने शिकायतकर्ता को विश्वास दिलाया था कि वह बच्चों को विदेश भेजने का काम करता है और बहुत से बच्चों को विदेश भेज चुका है, जो आज के समय बहुत पैसा कमा रहे हैं। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने भी बीस लाख रुपए में अपने साले अभिषेक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए बात पक्की कर ली और आधे पैसे काम होने से पहले और आधे बाद में देना तय हो गया। शिकायतकर्ता ने आरोपी को अभिषेक के सभी कागजात और दस लाख रुपए दे दिए। आरोपी ने शिकायतकर्ता को समय दे दिया, परंतु समय बीत जाने के बाद आरोपी ने फोन उठाने बंद कर दिए और जब शिकायतकर्ता आरोपी से मिलने गया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा और पैसे देने से मना कर दिया।

## संपादकीय

# बांग्लादेश में हसीना की फिर ताजपोशी

**पड़ोसी** मुल्क बांग्लादेश के संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियों के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढ़ाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए। मगर जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। हसीना फिर सरकार बनाएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि बांग्लादेश चुनाव आयोग की उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ है। वोटिंग प्रतिशत तकरीबन चालीस फीसदी रहा। कई संसदीय क्षेत्र में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि? अब यह साफ है कि शेख हसीना पार्टी अवामी लीग ही सत्ता में वापसी करेगी। हसीना के अलावा भारत भी यही चाहता है, क्योंकि दोनों देशों के प्रमुखों की कूटनीति और सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हित में हैं। बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्न यानी बीएनपी के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुल 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी बीएनपी ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनाव में हो? जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती है। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज्रिक किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। घर पर होतीं तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हे भारत अपने प्रयास से करवा रहा है। चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया। बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है।

# क्यों कहलाने लगे मोहन यादव आते ही ताकतवर सीएम?

ऋतुपर्ण दवे

> बुरहानपुर के शाहपुर में 90 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाना बताता है कि प्रदेश में कई पुरानी फाइलें बिना भेदभाव, फिर खुलेंगी। अब अतिक्रमण से लेकर तमाम भ्रष्टाचारियों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व और दूसरे विभागों में बिना चढ़ोत्री काम नहीं करने वाले मठाधीश बने बाबू से लेकर अफसर, सभी सकते में हैं। फर्जी डिग्रियों और झूठे प्रमाण-पत्रों से शान से नौकरी कर रहे फजीवाड़ियों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। शिक्षा की बेहतरी उनकी प्राथमिकता है

**मध्यप्रदेश में मौ**जूदा भाजपा सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को शुरूआत में अलग नजरिए से देखा जा रहा था। जहां विपक्ष बगावत का धुंआ सूंघ रहा था और वहीं सत्तादल में वरिष्ठों को लेकर जबरदस्त कानाफूसी हो रही थी। लेकिन, अनुशासन को लेकर किसी भी प्रकार की चूं-चपड़ को बर्दास्त न कर, विशिष्ट कार्यशैली से पहचान बना चुके भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उस मिथक को बरकरार रखा कि मोदी-शाह की थैली में क्या है, उनके सिवाय कोई नहीं जानता। वही सच निकला। हां, शिवराज सिंह चौहान का बदला व्यव्हार और दिल्ली न जाकर मध्यप्रदेश में ही रहने की दुहाई और सक्रियता जरूर अटपटी लगती रही।

यूं तो डॉ. मोहन यादव का नाम मध्यप्रदेश की राजनीति में नया और बड़ा भी नहीं था। एक सवाल हर सबके मन में कौंधता रहा कि तमाम दिग्गजों के रहते वही क्यों? हालाकि जवाब पहले छत्तीसगढ़, बाद में राजस्थान से काफी कुछ मिला भी। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की रणनीति कहें या पार्टी के अन्दरखाने में खुद को क्षत्रप मानने वालों को जवाब या नसीहत जो भी, एक तीर से कई निशाने साधे गए। मध्यप्रदेश में 2003 से लगातार भाजपा काबिज है, सिवाय बीच के 15 महीनों को छोड़कर। उसमें भी 17 साल मुख्यमंत्री रहे शिवराज रहे। ऐसे में नए नेतृत्व को कमान के कई मायने हैं। ऐसी ही चौंकाने वाली परिस्थितियों में 29 नवंबर 2005 को शिवराज भी मुख्यमंत्री बने थे। बाबूलाल गौर के खिलाफ बगावत के चलते नए चेहरे के तौर पर प्रमोद महाजन ने उन्हें प्रस्तावित किया जिस पर तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की सहमति थी। 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम काफी बाद में आने से कयास लगने लगे कि इस बार शिवराज के लिए हालात मुश्किल भरे होंगे। कई बार टिकट पर संदेह हुआ। इधर मोहन यादव को नेतृत्व सौंपने की तैयारी बहुत पहले शुरू हो चुकी थी। ये बात अलग है कि तब प्रदेश राजनीति को बूझने वाले समझ नहीं पाए या समझ कर भी खामोश रहे।

कई सिलसिलेवार घटनाक्रमों से कहानी साफ दिखती है। 30 सितंबर 2022 को भोपाल से दूर रातापानी गेस्ट हाउस में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष एक बड़ा



संदेश लेकर आए। वहां अचानक डॉ. मोहन यादव, विश्वास सारंग और इंदर सिंह परमार बुलाए गए। लंबी चर्चा हुई। यहीं तय हुआ कि महाकाल लोक के उद्घाटन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर 2022 को जब उज्जैन आएंगे, सारी व्यवस्थाएं डॉ. मोहन यादव संभालेंगे। दूसरा वाकया 30 अक्टूबर 2023 का है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार खातिर उज्जैन आए। किसी पदाधिकारी के घर भोजन करना तय था, कहां सिवाय डॉ. यादव को किसी को नहीं पता था। दो घण्टे पहले पता चला उन्हीं के कट्टर समर्थक पमनानी जी के यहां भोजन करेंगे जिसकी गुप्त जानकारी डॉ. यादव ने ही गृह मंत्रालय को दी थी। प्रोटोकाल के तहत पूरा बन्दोबस्त हुआ। डिनर टेबल पर तीन लोग अमित शाह, वीडी शर्मा और डॉ. मोहन यादव को ही बैठने की इजाजत थी। भोजन पर जाते वक्त अमित शाह की कार में उनके साथ अकेले डॉ. यादव थे। भोजन के बाद अमित शाह और डॉ. यादव की आधे घण्टे बात हुई। संकेत साफ होने लगे थे। 19 नवंबर को डा. यादव को तेलंगाना प्रचार पर भेजा गया। प्रचार समाप्त होते वहीं से दिल्ली बुला लिए गए। नतीजों के बाद 6 दिसंबर को भोपाल से उज्जैन जाते वक्त बीच रास्ते दिल्ली बुलावा आया। तुरंत भोपाल लौटे। फ्लाइट पकड़ी, दिल्ली पहुंचे। वहां जेपी नड्डा से 15 मिनट बात हुई। 7 दिसंबर को बात फैली तो राजनीतिक पण्डित तक गच्चा खा गए। नई चचाओं ने जोर पकड़ा कि जातिगत समीकरण साधने उन्हें प्रदेश भाजपा की कमान दी जाएगी? 11 दिसंबर को नेता चुनने भाजपा विधायक दल की औपचारिक बैठक शुरू हुई। डॉ. यादव पीछे की पंक्ति में चुपचाप बैठे थे। पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने शिवराज सिंह के जरिए डॉ. मोहन यादव का नाम प्रस्तावित कराया, जिसका समर्थन नरेन्द्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय व अन्य ने किया। दो उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला सहित और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की भी घोषणा हुई। देश-प्रदेश में लोग चौंक गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्षों पहले स्वयंसेवक के रूप में आरएसएस से जुड़े थे। ओबीसी वर्ग से आते हैं जो संघ की प्रयोगशाला कहे जाने वाले मध्यप्रदेश में पहली पसंद बने। इस तरह एक तीर से कई निशाने साधे गए। यहां 52 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। जिसमें यादव समाज की अच्छी आबादी है। आम-चुनाव में उप्र से जुड़े होने कारण वहां सहित बिहार और दूसरी जगह उनके जरिए जातिगत समीकरण साधने की जुगत होगी। उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर, मध्यप्रदेश की मौजूदा विधानसभा में भाजपा के कई धुरंधरों के पहुंचने से बनी ऊहापोह की स्थिति को बड़ी चतुराई से साधा गया। अभी पूरा महीना नहीं बीता कि डॉ. यादव की कार्यप्रणाली और फैसलों का मध्यप्रदेश मुरीद हो रहा है जो 2024 के आम-चुनाव में भी जबरदस्त फायदेमंद होगा।

शीर्ष नेतृत्व से डॉ. यादव को शुरूआत से ही फ्री हैण्ड मिला। 2019 का वो दौर याद आता है जब शिवराज को आभार यात्राओं की इजाजत नहीं मिली, वहीं मोहन यादव ऐसी यात्राओं में सक्रिय हैं। मंत्रिमण्डल के गठन और विभाग वितरण में देरी पर चचाएं कुछ भी हों। लेकिन सच यही है कि 31 मंत्रियों में सात को ही महत्वपूर्ण विभाग देना और 10 बड़े मंत्रालय अपने पास रखना, उनकी ताकत का अहसास कराता है। जिस बेफिक्री से डॉ. यादव पहले ही दिन से सक्रिय होकर सख्त और बेझिझक जनहितैषी फैसले ले रहे हैं उससे मध्यप्रदेश में जनता की सरकार होने का आम और खास सभी को भान हो रहा है। 13 दिसंबर को शपथ के बाद पहले आदेश में सभी के धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारकों सहित खुले में मांस की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जिससे सवाल भी उठे कि तमाम कानूनों के बावजूद पहले ये क्यों नहीं हो पाया? इधर 27 दिसंबर को गुना जिले में बस-ट्रक भिड़ंत हादसे में 13 लोगों के जिंदा जलने पर सख्त कार्रवाई कर तुरंत परिवहन आयुक्त, कलेक्टर, एसपी को हटा दिया। आरटीओ और नगरपालिका सीएमओ को सस्पेंड कर बता दिया कि कोई लापरवाह नहीं बचेंगे। इसके बाद तो प्रदेश में संभाग से लेकर जिलों की सड़कों पर खुद एडीजीपी से लेकर एसपी तक वाहनों की चेकिंग करते दिखे। इसी बीच ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान शाजापुर कलेक्टर की एक ड्राइवर से अशिष्ट भाषा की बातचीत वायरल होते ही बिना देरी किए न केवल मंत्रालय में एक कोने में बिठा दिया बल्कि नाराजगी जताकर संदेश दे दिया कि जन प्रतिनिधि और अधिकारी जनता की सेवा के लिए हैं न कि रौब झड़ने को। नई प्रशासनिक सजावट के साथ, अधिकारियों को जनता से बदतमीजी नहीं करने की सख्त चेतावनी बताती है वो पहले ऐक्शन फिर बयान में विश्वास करते हैं। उनकी कार्यप्रणाली की कई दिग्गज कांग्रेसियों ने भी तारीफ की है।

बुरहानपुर के शाहपुर में 90 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाना बताता है कि प्रदेश में कई पुरानी फाइलें बिना भेदभाव, फिर खुलेंगी। अब अतिक्रमण से लेकर तमाम भ्रष्टाचारियों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व और दूसरे विभागों में बिना चढ़ोत्री काम नहीं करने वाले मठाधीश बने बाबू से लेकर अफसर, सभी सकते में हैं। फर्जी डिग्रियों और झूठे प्रमाण-पत्रों से शान से नौकरी कर रहे फजीवाड़ियों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। शिक्षा की बेहतरी उनकी प्राथमिकता है।

## कविता

पास था फासला,कितना दूर हो
गया।।

जो हमारी आंखों से दूर हो गया ।
मानो वह जिंदगी से दूर हो गया।।

सांझ को जिसने मिलने का किया वादा ।।
वह तो तपती दोपहर में काफूर हो गया ।।।

आओ मिलकर चलते हैं दूर तक ।
पास था फासला,कितना दूर हो गया।।

कश्ती डगमगाती रही लहरों में।
लहरो का मचलना दस्तूर हो गया।।

आगे दूर तक चिलचिलाती धूप हैं ।
बेहद हंसी शहर था ,बेनूर हो गया।।

क्यों पत्थर फैंकते हो दीवाने पर।
प्यार करना कब से कुसूर हो गय''

रिश्ते हमारे कितने मधुर,हसीन थे,
अब इतनी दूरी, हमसे क्या कसूर हो गया।।

संजीव

# नए मौकों का स्किल है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

विजय गर्ग

**अगर अध्ययनों की मानें**, तो लिंक्डइन की एक रिपोर्ट में भविष्यवाणी की गई है कि एआई के कारण वैश्विक स्तर पर नौकरियों के लिए आवश्यक कौशल 2030 तक कम से कम 65% बदल जाएंगे। वहीं बड़ी कंपनियों के एक सम्मिलित सर्वेक्षण में एआई और मशीन लर्निंग में विशेषज्ञता शीर्ष के दो सबसे तेजी से बढ़ते जॉब रोल के तौर पर सामने जाए हैं। भारत की बात करें, तो बीते दो सालों में भारत और इसके जैसे देशों में एआई या जेनरेटिव एआई का उल्लेख करते हुए की गई जॉब पोस्टिंग में दोगुने की वृद्धि देखी गई है। इसकी अहमियत को इस बात से समझिए कि अब स्कूली पढ़ाई के दौरान भी एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे में जो युवा ग्रेजुएशन करने जा रहे हैं और विशेषज्ञता क्षेत्र के बारे में उलझन में हैं, या अपस्किलिंग करना चाह रहे हैं या जॉब स्विच करना चाह रहे हैं, एआई का क्षेत्र, उससे संबंधित नए कौशलों को सीखना रणनीतिक और फायदेमंद कदम होगा।

**क्या हैं एआई के स्किल्स**

मशीन लर्निंग (एमएल)ः एमएल में विशेषज्ञता की बहुत अधिक मांग है। डीप लर्निंग, रिइन्फोर्समेंट लर्निंग और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) में यह कौशल विशेष रूप से उपयोगी साबित होता है। लेख लिखते समय सर्च करने पर लिंक्डइन पर 16000, इनडीड पर 8000 एमएल इंजीनियर की जॉब पोस्टिंग दिखाई दीं। डेटा साइंस एआई मॉडल्स में डेटा फीड करने की जरूरत होती है। उसके लिए डेटा रंगलिंग एनालिसिस और विजुअलाइजेशन महत्वपूर्ण होते हैं और उनके विशेषज्ञों की जरूरत होती है। क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे-जैसे एआई मॉडल अधिक जटिल होते जा रहे हैं, प्रशिक्षण और उनके व्यावहारिक उपयोग के लिए क्लाउड प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने की क्षमता तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। इसीलिए एडब्ल्यूएस, एजूर्स और जीसीपी जैसे प्लेटफॉर्म में स्किल की मांग बढ़ी है। जेनरेटिव एआईः चैटजीपीटी और डेल-ई 2 जैसे टूल के आने के साथ ही क्रिएटिव कंटेंट बनाने, मार्केटिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए जेनरेटिव एआई मॉडल के उपयोग और मैनेजमेंट से संबंधित स्किल्स के लिए भी मार्केट तैयार हुआ है।

**क्या भूमिकाएं होंगी मांग में**

प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेस, जैसे पायथन, आर और जूलिया के जानकारों की ज्यादा से ज्यादा जरूरत होगी। वहीं, रोबोटिक्स एवं एआई इंजीनियर, डेटा एनालिस्ट मैनेजर, एमएल इंजीनियर, डेटा इंजीनियर आदि की भूमिकाएं अहम हो जाएंगी। इसके साथ ही कुछ उभरती हुई भूमिकाएं हैं। बिजनेस इंटेलिजेंस इंजीनियर एक बिजनेस इंटेलिजेंस (बीआई) इंजीनियर डेटासेट के विभिन्न फीचर्स में पैटर्न और आपसी निर्भरता को देखने में प्रशिक्षित होता है। योग्यता : इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में शैक्षिक पृष्ठभूमि, डेटाः एनालिसिस में व्यावहारिक अनुभव और वेब- आधारित टूल से परिचित होना जरूरी होगा।

## विचार

# राजस्थान में भाजपा गहरे सदमे में

अमरपाल सिंह वर्मा-

**चंद महीनों बाद** होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा को आज राजस्थान में बड़ा झटका लगा है। राज्य के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट के चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। पार्टी ने करणपुर को फतह करने के लिए क्या-कुछ नहीं किया। पार्टी ने अपने प्रत्याशी को चुनाव में जीतने से पहले ही राज्य सरकार में मंत्री तक बना दिया लेकिन यह दांव भी बेअसर साबित हो गया है। भाजपा प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं और कांग्रेस अपने प्रत्याशी की जीत पर दिवाली मना रही है। करणपुर में नवम्बर में चुनाव होने थे। तब कांग्रेस ने यहां पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर को चुनाव मैदान में उतारा जबकि भाजपा ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को टिकट दिया। कांग्रेस प्रत्याशी कुन्नर का निधन हो जाने से तब वहां मतदान नहीं हो पाया। फिर चुनाव आयोग ने 5 जनवरी को चुनाव कराना तय किया। इसके बाद कांग्रेस ने स्वर्गीय कुन्नर के बेटे रूपिन्दर सिंह कुन्नर पर दांव खेला। करणपुर सीट को जीतने के लिए भाजपा ने जी तोड़ कोशिश की। करणपुर में भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जीतने से पहले ही राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार में राज्य मंत्री बना दिया गया। भाजपा के इस दांव से हक्की-बक्की कांग्रेस ने इसे आदर्श आचार संहिता और नैतिकता का उल्लंघन बताया एवं चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि किसी उम्मीदवार को चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री बना देने का इतिहास में यह पहला मामला है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने करणपुर में पूरी ताकत झोंक दी। मुख्यमंत्री भजनलाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी समेत विभिन्न बड़े नेताओं ने वहां चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस ने भी खूब प्रयास किए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट आदि नेताओं ने मतदाताओं के बीच जाकर वोट मांगे। भाजपा को जहां पहले अपने पिता के निधन के बाद चुनाव मैदान में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी रूपिन्दर के समर्थन में सहानुभूति लहर का डर सता रहा था, वहीं अपने उम्मीदवार को जीतने से पहले ही मंत्री बनाकर भाजपा करणपुर में जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हो गई लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाकर भाजपा को निराशा से भर दिया है। भाजपा ने अपने जिस पूर्व मंत्री टीटी को चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल में शामिल किया, वह 11283 वोटों से हार गए हैं।

करणपुर का परिणाम भाजपा के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है क्योंकि भाजपा पिछले ही महीने राजस्थान विधानसभा चुनाव जीत कर अपनी सरकार बनाने में सफल रही है। करणपुर का चुनाव प्रदेश भाजपा सरकार के लिए परीक्षा की पहली घड़ी के रूप में देखा जा रहा था, जिसमें फेल होने के कारण भाजपा में मायूसी स्वाभाविक है। करणपुर की हार से राज्य की भाजपा सरकार की स्थिति पर कोई फर्क पड? वाला नहीं है क्योंकि पार्टी के पास 115 यानी पूर्ण बहुमत से भी ज्यादा विधायक हैं।

करणपुर में जीत से विधानसभा में कांग्रेस की सीटें 69 से बढ़कर 70 हो गई हैं। कांग्रेस में किस कदर उत्साह का माहौल है, इसे करणपुर के परिणाम पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रतिक्रिया से समझा जा सकता है। गहलोत ने कहा है कि जनता ने भाजपा के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता और नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जनता ने भाजपा का घमंड तोड़ दिया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने तंज कसा है कि सरकार मंत्री बना सकती है, विधायक नहीं। इस पराजय का भजनलाल सरकार पर कोई असर भले नहीं पड़ रहा लेकिन करणपुर की हार ने कांग्रेस को एक मुद्दा अवश्य दे दिया है, जिसे कांग्रेस आने वाले समय में भाजपा के खिलाफ इस्तेमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस करणपुर के बहाने राज्य के मुख्यमंत्री और फिर मंत्रिमंडल के गठन एवं इसके बाद मंत्रियों को विभागों के बंटवारे में देरी जैसे मुद्दों को हवा देकर भाजपा को घेरने में जुटेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इतिहास रचतें पीएम नरेन्द्र मोदी

डॉ अजय कुमार मिश्रा

**किसी** भी राजा के शासन की वास्तविक उपलब्धि न केवल जन मानस के लिए किये जा रहे आधारभूत बदलाव के कार्य होतें है, बल्कि आम जन मानस समेत विरोधियों में भी राजा के कार्यों की छवि और चर्चा किस स्वरुप में है ! यही निर्धारित करता है की राजा का शासन उत्तम दर्जे का है या फिर नहीं ? देश के वर्तमान प्रधानमंत्री और ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में उन्होंने देश को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया है और अब आकर्षक परिणाम सभी के सामने है` फिर चाहें मूलभूत परिवर्तनों की बात है या वैश्विक आवश्यकताओं की पूर्ति की बात हो। सुधार और विकास का पहिया वैश्विक स्तर पर नई पहचान के साथ 5जी मोड में आगे बढ़ रहा है` अपने एक दशक के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए और सभी क्षेत्रों में कार्य किया है उन्होंने गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों के लिए, किसान कल्याण सुनिश्चित कर किसानों के लिए, नए भारत के लिए नारी शक्ति को प्राथमिकता देना, युवा नेतृत्व विकास पर विशेष जोर देना, मध्यम वर्ग और उनके जीवनयापन में आसानी करना, गति और पैमाने पर इन्फ्रा सेक्टर तेजी से बढ़ाना, स्वास्थ्य देखभाल और महामारी प्रबंधन से आम आदमी को सुरक्षित किया है, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की खुली चर्चा और सराहना हर जगह है, अर्थव्यवस्था और सुधार चारो तरफ प्रदर्शित किया है, व्यापार करने में आसानी दिख रही है, पूर्वोत्तर को विकास इंजन के रूप में स्थापित किया, सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण दिया है, तकनीक-संचालित भारत के नए स्वरुप को जन-जन से जोड़ा है, पर्यावरण और स्थिरता पर विशेष कार्य करके सभी जगह अपना लोहा मनवाया है, मोदी सरकार के पूर्व सरकारी योजनाओं की आम आदमी तक पहुँच में पारदर्शिता का गहरा आभाव था पर वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने हर क्षेत्र के लिए योजना बनाकर व्यक्ति को केंद्र में रख कर, पारदर्शी तरीके से कार्य किया है` आप उनकी सफलता का आकलन इसी बात से कर सकतें है की आज मोदी सरकार की योजनायें सभी उम्र, तबके के लोगों की जुबान पर है, आकड़ें भी इस बात की गवाही दे रहे है।

# किसके आगे बीन बजाऊँ

डॉ. सुरेश कुमार

**नई नवेली** सरकार एकदम नई नवेली बहू की तरह होती है। बहू के लिए ससुराल और सरकार के लिए सत्ता के आरंभिक दिन किसी नर्सरी, एलकेजी या फिर यूकेजी से कम नहीं होते। ऐसे में उससे चाय गिर जाना, चाय का कप टूट जाना, चूल्हे पर दूध उबलकर बह जाना या दूध खुला छोड़ देने पर बिल्ली द्वारा चट कर जाना उसके दाम्पत्य जीवन के एबीसीडी वाले दिन कहलाते हैं। ऐसे में उसकी शिकायत भी नहीं कर सकते। करेंगे भी तो लोग कहेंगे कि छोड़ो भी वह तो अभी-अभी की आयी है। करत-करत अभ्यास के गाय शेरनी और नई नवेली दुल्हन घर भर पर दहाड़ मारना शुरू कर देती है। कई साल गुजर जाने पर तड़का लगाने वाला कलछुल और बहू दोनों एक जैसे लगने लगते हैं। अंतर केवल इतना होता है कि कलछुल में तेल के साथ जीरा-लहसून तड़कने लगते हैं तो घर की हर छोटी बातों में बहू अपना तड़का लगाए बिना चुप नहीं बैठती। पिछले एक साल में दस चाय कप तोड़ने वाली बहू की इंटर्नशिप समाप्त होने-होने तक उसकी सीनियारिटी उसे एक नया मुकाम देती है। वह अब चाय कप गिराने नहीं बल्कि पकड़ने का शहूर सिखाने लगती है। ऐसे में भी उससे कप गिरकर टूट जाए तो समझ जाना चाहिए कि गलती उसकी नहीं घर के किसी सदस्य की है। अब उसके अनुभव के बादल जब-तब सीख की बारिश कर ही देते हैं। अब उसकी सक्रियता सब पर भारी पड़ने लगती है। अनुभव ने उसे बहुत कुछ सिखाया है। अब वह काम कम शिकायतें ज्यादा करती हैं। पल-पल शिकायतें, भर-भर ताने। काम करते समय चोट लग जाना आम बात होती है। कभी चूल्हे के पास हाथ जल जाना, पकौड़े बनाते समय गरम तेल से बदन पर फफोले निकल आना, सब्जी काटते समय चाकू से उंगली कट जाना आदि को तब तक घर के प्रति प्यार समझती है जब तक उसे बदले में प्यार मिलता है। यदि कहीं उन्नीस-बीस हो जाता है तो समझो खैर नहीं। जला हुआ हाथ, बदन पर फफोले, कटी हुई उंगली कभी भी गृह हिंसा कानून के तहत ब्रह्मास्त्र बनकर सास-श्वसुर-ननद या फिर पति को धर दबोचने में पीछे नहीं हटते।

## न्यूज फ्लैश

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा का राजपूताना क्लब और 2 एल ब्लॉक और सेक्टर -55 गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**(हरपाल सिंह यादव )**
भाजपा संगठन ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष बनाकर ना केवल मुझे सम्मान दिया है, अपितु पूरी पंजाबी बिरादरी का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे यह वाक्य नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने सेक्टर-55 में राजपूताना क्लब के सदस्यों द्वारा स्वागत कार्यक्रम में कहे। इससे पहले उनका स्वागत 2 एल ब्लॉक और सेक्टर -55 के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में स्वागत किया गया। सेक्टर-55 में राजपूताना क्लब के कार्यक्रम में फरीदाबाद बीजेपी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला प्रधान भगवान सिंह के साथ मिलकर शहीद वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के चित्र का अनावरण करते हुए उन्हें फूल-मालाएं एवं दीप जलाकर नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने अपनी और से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का स्वागत करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी ही केवल एक ऐसी पार्टी है जिसमे कब कौन सा छोटा कार्यकर्ता बड़े पद पर आकर आसीन हो जाये कहा नहीं जा सकता। कार्यकर्ता को सही और उचित सम्मान केवल बीजेपी पार्टी में ही है। इस अवसर पर फरीदाबाद,स्क्रैप मार्केट के प्रधान और बीजेपी नेता प्रदीप राणा ने कहा की नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा हमारे बीच के ही पुराने साथी है समाजसेवा के विभिन्न कार्यों से जुड़े बीजेपी के कर्मठ और मेहनती कार्यकर्ता को भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देकर हम सभी का सम्मान बढ़ाया है इस मौके पर , राजपूताना क्लब के प्रधान रमेश तंवर, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-55 के प्रधान बजरंग लाल तोषनीवाल , पर्यावरणविद् ओमवीर सिंह, रोहतास पहलवान, रामचरण यादव, शिक्षाविद् नरेश गुप्ता, उद्योग पति लक्ष्मी नारायण शर्मा, तेजपाल पंवार, समाजसेवी मुकेश डागर स० सरबजीत सिंह हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल इत्यादि भी उपस्थित थे।

### केन्द्र पंजाब विश्वविद्यालय को अतिरिक्त ग्रांट तुरन्त जारी करे - सत्य पाल जैन

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
चण्डीगढ़ के पूर्व सांसद, भारत सरकार के अपर महासलिसिटर एवं पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट के सबसे वरिष्ठ सदस्य श्री सत्य पाल जैन ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया है कि वो पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ को 2023-24 की ग्रांट 294 करोड़ से बढ़ाकर 346 करोड़ की जारी करें तथा भविष्य में इस पर हर वर्ष 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी करें, ताकि 7वें पे कमीशन की सिफारिशें लागू होने के बाद पंजाब विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को 1-1-2016 से बनती बकाया राशि जारी की जा सके।केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान को लिखे एक पत्र में श्री जैन ने कहा कि 7वें पे कमीशन की सिफारिशें 1-1-2016 से स्वीकार की जा चुकी है परंतु केन्द्र सरकार से लगभग 50 करोड़ की अतिरिक्त ग्रांट न आने के कारण कर्मचारियों को बकाया राशि नहीं दी जा सकी है। उन्होंने लिखा कि चण्डीगढ़ प्रशासन ने अपने कॉलेजों के लिये पहले ही अपने कॉलेज के स्टाफ के लिये, कर्मचारियों को 1-1-2016 से बकाया देने की मंजूरी दे दी है। इसलिये यह आवश्यक है पंजाव विश्वविद्यालय को भी लगभग 50 करोड़ की अतिरिक्त ग्रांट जारी की जाये ताकि पंजाब विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिल सके।

### ढाबे पर खाना खाकर वापिस गया तो सड़क किनारे खड़ा कंटेनर चोरी

**गन्नौर**
**जीटी** रोड पर सड़क किनारे खड़ा कंटेनर चोरी हो गया। कंटेनर चालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में दादीपुर असगरपुर, जिला अमीगंज, यूपी के रहने वाले राजीव ने बताया कि वह ट्रकों पर बतौर चालक नौकरी करता है। वह गोपालनगर, नजफगढ, दिल्ली निवासी संजय शर्मा के कंटेनर को लेकर दिनांक 6 जनवरी को गन्नौर आया था।

# पुलिस की लाठी से किसानों की आवाज दबा रही सरकार: भाकियू टिकैत

**किसान पंचायत**

**8 -किसान चिंतन शिविर को लेकर के सौंख में हुई किसान पंचायत**



**वमथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत का वार्षिक अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित होने जा रहा है। इसे लेकर बाबा ब्रज दास मंदिर बछगांव सौंख जनपद मथुरा में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता जवाहर सिंह व संचालन गणेश तोमर व घूरे लाल शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत में संगठन विस्तार एवं जनपद मथुरा के आखिरी गांव बछगांव में पानी, बिजली आदि समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। किसान व किसानी से जुड़े सभी बिंदुओं पर चर्चा की। प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष आगरा रणवीर सिंह चाहर व प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा ने संयुक्त रूप से किसानों से अपील करते हुए कहा कि इस देश की रीढ़ की हड्डी जवान और किसान हैं। पंचायत में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मथुरा चौ. धर्मवीर सिंह ने कहा कि बछगांव के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। किसान यूनियन टिकैत वृहद स्तर पर आंदोलन करेगी। उप जिलाधिकारी गोवर्धन बछगांव के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद करें। किसानों की बेस कीमती जमीन जलमग्न है लेकिन गोवर्धन प्रशासन अभी तक किसानों की कई एकड़ जलमग्न जमीन को खाली नहीं कर सका है। जब किसान अपनी अवाज उठाता है तो पुलिस जूठे नमुकदमे लगाने की कह कर किसानों को डराती है। मौके पर मय पुलिस बल के नायव तहसील दर गोवर्धन किसानों के बीच पहुचें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थाना, तहसील अध्यक्ष गोवर्धन राजकुमार नैन, ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन घूरे लाल शास्त्री, द्रोणाचार्य कुंतल, गुड्डू प्रधान सहित बछगांव किसान सरदारी मौजूद रही।

## फेसबुक दोस्त के साथ लूटपाट के तीन आरोपी पकडे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
फेसबुक दोस्त के साथ लूटपाट करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक नाबालिग है। एक जनवरी को प्रिंस पुत्र राजीव चावला निवासी जालंधर पंजाब ने थाने पर चार अभियुक्तों द्वारा वादी को लिफ्ट देकर मारपीट व बहला फुसलाकर कुल 20000 से 21000 रुपये तथा वादी का मोबाइल फोन व बैग लूट लेने सम्बन्ध में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर घटना का अनावरण करने हेतु टीम गठित कर कार्यवाही कर घटना का सफल अनावरण कर रूपेश ठाकुर पुत्र कन्हैया ठाकुर निवासी चामुण्डा रोड गोधूलि पुरम थाना जैंत मथुरा, विष्णु बघेल पुत्र नवल सिंह निवासी कमई थाना बरसाना मथुरा तथा एक बाल अपचारी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त रूपेश ने बताया कि सोशल मीडिया एप पर दोस्ती हुई थी। वह वृन्दावन घूमने आया था। अपने दोस्तों के साथ योजना बनाकर ई स्कूटी से काशीराम कालोनी ले गया तथा उससे रुपये, मोबाईल, एटीम कार्ड व बैग लूट लिया तथा लूट के रुपये आपस में बांट लिये। सिम तोड़कर फैंक दी तथा बैग जला दिया।
जो रुपये शेष बचे हैं सभी ने 4000 रुपए दे दिये तथा बाकी रुपये सभी ने अपने अपने काम में खर्च कर दिये। इनके कब्जे से लूट के 4000 रुपए, लूटा हुआ मोबाईल फोन, लूटे हुए छह एटीम कार्ड व आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त ई स्कूटी व सिम व टैक्नो मोबाईल फोन बरामद किये हैं।

## श्री राम लला को अर्पित की जाएगी कान्हा की रजत बांसुरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज के लाड़ले जन जन के आराध्य ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज भी अवधपुरी अयोध्या में नव निर्मित भव्य श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम लला को बधाई देने के लिए जाएंगे। ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज की ओर से मंदिर सेवायत आचार्य मयंक गोस्वामी बंटू महाराज को मिले निमंत्रण के बाद सोमवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर आचार्य मयंक गोस्वामी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र बिहारीजी के श्री चरणों में समर्पित किया और 22 जनवरी को बिहारीजी से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने की विनती की। आचार्य मयंक गोस्वामी बंटू महाराज ने बताया कि हमारे ब्रजभूमि में अनादिकाल से ठाकुरजी की सेवा भाव सेवा से की जाती रही है। आज भी हमारे ब्रज में जितनी भी सेवाएं होती हैं वह सब भाव से होती है।




भाव की प्रधानता हमारी आराधना व उपासना में शामिल है। उसी भाव की प्रधानता के अनुरूप ठाकुर ठाकुर बांके बिहारी जी अपने श्रीराम को बधाई देने के लिए जाएंगे। रामलला के लिए रजत बांसुरी के साथ साथ रजत व स्वर्ण के खेल खिलौने, चांदी के पात्र, 21 किलो तुलसी दल, जो वहां प्रसाद में अर्पित की जाएगी। इसके अलावा शरद ऋतु में बांके बिहारी को अर्पित होने वाले केसर मेवा युक्त मूंग दाल का हलुआ, केसरिया माखन मिश्री, दूध भात अधौता प्रसाद भी विशेष रूप से भेंट किया जाएगा।

## मोबाइल चोरी में वृद्ध, महिला किये गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना वृन्दावन पुलिस ने मन्दिरों से मोबाइल व पर्स चोरी करने वाले एक अभियुक्त व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से दो चोरी के मोबाईल फोन व 50 हजार रूपय बरामद हुए हैं। दिलीप भारद्वाज पुत्र स्व. लल्लू मूल निवासी संजय गांधी कॉलोनी थाना क्वार्सी जिला अलीगढ़ व एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। जो मोबाइल बरादम हुए हैं उनके संबंध में थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन आनन्द कुमार शाही ने बताया कि दोनों मन्दिरों में भीड भाड का फायदा उठाकर मोबाईल व पर्स व रुपये चोरी कर लेते हैं।

## सर्द मौसम में पानी से न तोडें यारी, पड सकती है भारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सर्द मौसम में पानी से यारी न तोडें। पानी पीने से तौबा करना आपको भारी पड़ सकता है। खास कर ऐसे लोग जिन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या है वह एक दो घंटे बाद पानी पीते रहें। अन्य पेय पदार्थ भी इसमें मददगार साबित होते हैं। सर्द मौसम में ब्लड प्रेसर के मरीजों की परेशानी बढ जाता है। जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों में आम दिनों की तुलना में पहुंचने वाले ब्लड प्रेसर के मरीजों की संख्या बढ गई। सर्दी के मौसम में ब्लड प्रेसर के मरीजों की संख्या जिला अस्पताल की ओपीडी में बढ गई है। जिला चिकित्सालय के



सीएमएस मुकुंद बंसल ने बताया कि सर्दी का जो सितम हो रहा है इसमें सीनियर सिटीजन और बच्चों को खास कर घर से जरूरी काम के लिए भी न निकालें। आम जनमानस भी जरूरी काम हो तभी बाहर निकलें। अपने सिर को और पैरों को ढक कर रखें, गुनगुना पानी पीते रहें जिससे हार्ट अटैक की संभावना गनण्य हो जाती है। ओपीडी में ब्लड प्रेसर के मरीज बढे हैं। सावधानी बरतने की जरूरत है, सर्दियों में ब्लड प्रेशर बढ जाता है। ब्लड प्रेशर के मरीज घर से बाहर न निकलें, नमक का सेवन कम करें और दवा नियमित खाते रहैं। उन्होंने बताया कि पानी पीते रहें, इस मौसम में प्यास नहीं लगती है, जिससे खून के थक्के बनने और हार्ट अटैक की संभावना बढ जाता है। हर दो तीन घंटे पर एक गिलास पानी पीते रहें। सोने से पहले गुनगुना पानी पीएं। पानी की कमी भी हो सकती है। गुर्द सामान्य रूप से काम करने के लिए पानी पीते रहना चाहिए। चाय और अन्य पेय पदार्थ भी मददगार साबित होते हैं।

## हजारों कार्यकर्ताओं के साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव ने संभाला पदभार

**भव्य स्वागत**

**8 *पार्टी कार्यालय गुरुकमल पहुंचने पर कमल यादव का ढोल नगाड़ों एवं फूल मालाओं से हुआ भव्य स्वागत***

**चंडीगढ़/गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव ने भाजपा कार्यालय ह्यह्यगुरुकमलह्वह्व में पहुंचकर सोमवार को विधिवत रूप से पदभार संभाला। श्री यादव ने मिली नई जिम्मेदारी पर कहा कि वे पार्टी व संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। कमल यादव ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी दी है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। श्री यादव ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनाव में जीत का बिगुल बजाएगी। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि वे भाजपा जिला के सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे।
अपने नये दायित्व पर श्री यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भूपेंद्र यादव सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। जिले के सैकड़ों कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों और फूल बरसाकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। पदभार समारोह में कार्यकताओं ने जयश्रीराम, भारत माता की, मोदी-मनोहर जिंदाबाद, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी जिंदाबाद के नारों के बीच नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का अभिनदंन किया।
पदभार संभालने के बाद मीडिया से बात करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है। कार्यकताओं के दम पर ही 2014 से भारतीय जनता पार्टी की विजय यात्रा शुरू हुई। कार्यकताओं की मेहनत के दम पर भाजपा ऐसी पार्टी बन गई है जो बूथ स्तर पर मजबूत है। गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं में पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं। श्री यादव ने कहा कि निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव में जनता जनार्दन के आशीर्वाद और संगठन की शक्ति के दम तीनों चुनाव जीतेंगे। कमल यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता मेहनती हैं और पार्टी द्वारा दिए गए हर काम को पूरी लगन और निष्ठा से करता है। इसलिए आगामी आने वाले लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनाव के लिए भी कार्यकर्ता तैयार है और निश्चित ही देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर से बनेगी और नगर निगम के सभी वार्डों में कमल खिलेगा।
कमल यादव ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों का जनता खुले दिल से तारीफ कर रही है।
आम जनता की तकलीफ और अंत्योदय योजना के तहत अंतिम व्यक्ति की जरूरत जानकर कार्य करना ही मनोहर सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासनकाल में गरीब लोगों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों की तकलीफों का अनुभव कर समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम है मोदी की गारंटी : विधायक सीमा त्रिखा

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
विधायक सीमा त्रिखा ने कहाकि विकसित भारत कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जो जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज सोमवार को बल्लभगढ़ अनाज मंडी के पास स्थित किसान भवन में विधायक सीमा त्रिखा, नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष श्री राजकुमार वोहरा, भाजपा नेता टिपर चंद ने आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं लोगों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण सुना।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया लोगों से सीधा जन संवाद कार्यक्रम जिसका लाइव प्रसारण मोदी जी के गारंटी वाले रथ यात्रा की सक्रीन पर दिखाया गया। वहीं बल्लभगढ़ के बापू नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गांव लधियापुर, सिक्रोना, हरफला और भनकपुर में भी लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उनके घर द्वार पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी तथा आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करना सुनिश्चित किया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत?वकांक्षी पहल के रूप में उभरी है। इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री के समावेशी विकास के दृष्टिकोण और सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है।

## पिपली खेड़ा के राजकीय स्कूल के रिकार्ड रूम में लगी आग, वर्ष 1954 से अब तक रिकार्ड जला

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
पिपली खेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगने से स्कूल के रिकार्ड रूम में रखा रिकार्ड जल कर राख हो गया। प्राचार्य ने मामले की शिकायत बडी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में प्राचार्य नरेंद्र ने बताया कि हरियाणा पुलिस से सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास सोमवार को कुछ रिकार्ड लेने के लिए स्कूल आए थे। जब वह स्कूल क्लर्क संजीव कुमार के साथ रिकार्ड में गए तो कमरे से धूआं निकल रहा था। कमरे के अंदर घुसे तो कमरे में रखा सारा रिकार्ड जल चुका था। उन्होंने बताया कि रिकार्ड रूम में आग लगने की वजह से स्कूल में वर्ष 1954 से लेकर अब तक का रिकार्ड, बिल बुक, फाइलें, मेडिकल बिल फाइल, कैश बुक, आर्डर बुक, अध्यापकों के हाजरी रजिस्टर जल कर राख हो गए।

## यूरिया का बैग हुआ हल्का, विरोध में उतरे किसान संगठन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सरकार ने यूरिया का वजन एक बार फिर घटा दिया है। अब इसका वजन 40 किलो होगा। फर्क सिर्फ इतना है कि ये नीम कोटेड यूरिया की जगह सल्फर कोटेड होगा। भाकियू चढूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा है कि सरकार ने सब्सिडी खत्म करने की बजाए पांच किलोग्राम वजन कम कर किसानों पर सलीके से वजन डाल दिया है। 266.50 की कीमत भले ही नहीं बढ़ाई गई है लेकिन उसकी भरपाई पांच किलो वजन घटा कर पूरी कर



ली गई है। सरकार ने किसानों की दो गुनी आमदनी करने का लक्ष्य 2022 तय किया था, दुसरी ओर किसानों की समझ में ये नहीं आ रहा है कि सरकार आमदनी दो गुनी कर रही है या फसलों की लागत बढ़ा रही है। किसान राजवीर सिंह का कहना है कि एक तरफ किसानों को उसकी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है, दूसरी ओर खेती किसानी की लागत लगातार बढ़ रही है। आलू किसानों की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। एक साल लाभकारी मूल्य मिल जाता है तो दो तीन साल आलू फिकने की नौबत आ जाती है। पूरे प्रदेश में गेंहू से लेकर बाजरा, कपास आदि की सरकारी खरीद किसी से छुपी नहीं है। सरकार समय समय पर एमएसपी की घोषणा तो करती है लेकिन समय पर खरीदने की कोई व्यवस्था नहीं करती। अगर वास्तविकता में सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाना ही चाहती है तो एमएसपी को कानूनी मान्यता देनी चाहिए

## लोकसभा में सीट का बंटवारा कोर्डिनेशन कमेटी करेगी: अनुराग ढांडा

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उनके साथ आम आदमी पार्टी के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर गोयत, कृष्णानंद, सोनिया शर्मा, नीरज शर्मा, शमशेर मान, मीना सिंह और मेजर सिंह मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने प्रेस वार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी 28 जनवरी को जींद में एक बदलाव जनसभा का आयोजन करने जा रही है। जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान जनता को संबोधित करेंगे। इसके लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं




व कार्यकताओं की तरफ से जनसभा और नुक्कड़ नाटक कर निमंत्रण दिया जा रहा है। जिसके तहत मैं खुद अगले 10-15 दिन तक कैथल, जींद के इलाके में रहूंगा और आसपास के सभी गांव में जाकर जनसभा का निमंत्रण दिया जाएगा। इस बदलाव जनसभा में हरियाणा के हर गांव और वार्ड से लोग पहुंचेंगे।
उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार डेढ़ साल के अंदर 50 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है और 700 अपॉइंटमेंट लेटर बांटने वाले हैं। वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के युवा रोजगार के इंतजार में हैं। खट्टर सरकार नौकरियों को रद्द करने की घोषणा में लगी है। खट्टर सरकार में परीक्षाएं होती हैं तो पेपर लीक हो जाता है। अभी तक 40 भर्ती परिक्षाएं लीक हो चुकी हैं।
हरियाणा में ऐसी हालत है कि 2 लाख 9 हजार सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं और मुख्यमंत्री खट्टर युवाओं को युद्ध ग्रस्त इजरायल में भेजने की बात करते हैं। ये हरियाणा का दुर्भाग्य है कि ऐसी सरकार जनता को झेलनी पड़ रही है। इस सरकार से छुटकारा पाने के लिए, युवाओं के भविष्य में बदलाव लाने के लिए इस बदलाव जनसभा का आयोजन किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर सभी मुद्दों पर बात कर लेते हैं, लेकिन शिक्षा व्यवस्था पर कभी बात नहीं करते। शिक्षा विभाग में 500 से ज्यादा फाइलें पेंडिंग पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में मर्ज के नाम पर 832 स्कूलों को बंद करने जा रही है, इससे पहले अपने कार्यकाल में भाजपा सरकार लगभग 4000 सरकारी स्कूल मर्जर के नाम पर बंद कर चुकी है। सरकार कह रही है कि जिस स्कूल में 20 से कम बच्चे होंगे उसको मर्ज कर देंगे, यानी बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चे इसलिए नहीं आ रहे। क्योंकि प्रदेश के 1500 से ज्यादा स्कूलों में टॉयलेट नहीं, 8000 से ज्यादा क्लासरूम की कमी है।

## गैंगस्टर की दो करोड की संपत्ति जब्त

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गोविन्दनगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर अधिनियम की कार्यवाही करते हुए अभियुक्त की एक करोड़ 96 लाख 34 हजार की सम्पत्ति की कुर्क की गयी। अभियुक्त महेश वशिष्ठ पुत्र मोहनश्याम निवासी प्लाट नम्बर 71 श्री राधापुरम एस्टेट एक्सटेंशन, मौजा गणेशरा थाना हाइवे जिला मथुरा की एक करोड़, 96 लाख 34 हजार करोड की सम्पत्ति कुर्क की गयी। जिसमें अभियुक्त महेश वशिष्ठ की पत्नी प्रीती वशिष्ठ के नाम पर दर्ज संपत्ति भी शामिल है। मोहल्ला में प्लाट मकान 71, श्री राधा पुरम एस्टेट एक्सटेंशन, मौजा गणेशरा, प्लाट एवं भवन संख्या प्लॉट



नम्बर 71 (आवासीय प्लाट तीन मंजिला) संपत्ति का क्षेत्रफल 167.35 वर्ग मीटर, भूमि की मालियत 1,96,34,000 तथा कुल लागत 1,96,34,000 रुपये आंकी गई है। कार्यवाही के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक कुंवर आकाश सिंह, नायब तहसीलदार सदर अनमोल गर्ग, प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्दनगर ललित भाटी, एसआई विनोद कुमार थाना गोविंद नगर, एसआई नीरज सिंह भाटी थाना गोविंद नगर, एसआई धर्मेन्द्र कुमार थाना गोविंद नगर, एसआई सुरेश चन्द थाना गोविन्दनगर, एसआई नरेन्द्र सिंह तोमर थाना गोविन्दनगर, एसआई नाहर सिंह थाना गोविन्दनगर, एसआई आनंद कुमार थाना हाईवे मथुरा पुलिस के साथ मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# पूरा होगा $1 ट्रिलियन का लक्ष्य: योगी

## प्रदेश में तैयार होगा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवारों की आर्थिक स्थिति और इंडस्ट्री का प्रादेशिक इंडेक्स: मुख्यमंत्री

**लक्ष्य**

**'एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' के लिए जारी प्रयासों और परिणामों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा**




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित की बैठक में प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े 06 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2% का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1% रही, जबकि देश की विकास दर 18.4% रही। जबकि स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3% वृद्धि दर रही।

### 'पर्यटन सेक्टर में अभूतपूर्व विकास हुआ'

**होटल/रेस्टोरेंट,** ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं वाले तृतीयक खंड में प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। पर्यटन सेक्टर से जुड़ी सेवाओं में अभूतपूर्व विकास हुआ है। 2023 में आई पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटक आगमन वाला प्रदेश हो गया है।2022-23 में प्रदेश में 31.8 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। वाराणसी, मथुरा और अयोध्या इसके प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।

### 'प्रदेश में कुल 40.0 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले'

**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40.0 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसमें 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। यह प्रदेश के आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल लाने वाला होगा। प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों का ही परिणाम है 2017.18 में जहां मात्र 0.89 लाख करोड़ का निर्यात था, वह आज बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है।

# 'प्रदेश के विकास में महिलाओं का योगदान'

## सीएम धामी नेदीदी-भुली महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**महिला शक्ति**

**डबल इंजन की सरकार के कार्य उत्तराखंड में विकास के रूप में स्पष्ट नजर आ रहे हैं: सीएम धामी**



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

**मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह धामी ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान में आयोजित महिला शक्ति एवं नारी सम्मान को समर्पित दीदी-भुली महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्य उत्तराखंड में विकास के रूप में स्पष्ट नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की महिला उद्यमियों ने पारंपरिक उत्पादों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी और स्टॉल लगाकर ये बता दिया है कि प्रदेश के विकास में महिलाओं का योगदान किसी से भी कम नहीं है। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान में नए कैलेंडर वर्ष 2024 और माघ मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मातृशक्ति के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है, उत्तराखंड राज्य निर्माण में मातृशक्ति का योगदान अमूल्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व की बात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मातृशक्ति के सम्मान में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, महिला पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। इससे पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने मुख्य मुख्यमंत्री को रवांई की हजारों पर पुरानी धरोहर काष्ट कला से निर्मित चौकट की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

**मुख्यमंत्री ने किया कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण:** सिलक्यारा टनल के सफल रेस्क्यू की यादगार स्मृति में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी व उत्तरकाशी पुलिस प्रशासन की प्रकाशित कॉफी टेबल बुक पुस्तक का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकार्पण किया।

**फास्ट न्यूज**

### 'लिंगानुपात प्रदेश में सबसे अधिक, 1000 लड़कों के पीछे हैं 946 लड़कियां'

पलवल: केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पलवल जिला में लिंगानुपात संतुलन करने में बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत जिला में 1000 लड़कों के पीछे प्रदेश में सबसे ज्यादा 946 लड़कियों की संख्या हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान व चिरायु योजना के तहत जिला में अब तक करीब 4 लाख 38 हजार लोगों ने निशुल्क इलाज का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत सभी पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोगों को इस योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गंभीरता से कार्य करें तथा सभी योजनाओं को लक्ष्य व तय समय अवधि अनुसार पूरा करवाएं, ताकि जनता को इसका पूरा फायदा मिल सके।

### पक्के घर और उज्जवला गैस से बदल रही जीवन शैली

रायपुर: छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। गांवों गरीब परिवारों को पक्के घर और उज्जवला गैस के साथ ही बुनियादी सुविधाओं की पहुंच से ग्रामीणों की जीवन शैली में बदलाव आ रहा है। शिविर में 70 वर्षीय महिला ने पारंपरिक सुवागीत चल झूला झूल..गोंदा के फूल गीत गाकर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान मिश्रा ने शिविर में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से चर्चा भी की। योजनाओं का लाभ जिनकों मिले हैं, उन्हें बहुत बधाई लेकिन उनकी जिम्मेदारी यह भी है कि वे अपने परिचितों तथा आसपड़ोस को भी इन योजनाओं से जुड़ने, उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बताएं ताकि हर ग्रामीण सशक्त हो और सरकार की मंशा पूरा हो।

# वाइब्रेंट गुजरात में एचएएल दिखाएगा फाइटर जेट



**प्रदर्शनी**

**एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वैश्विक** शिखर सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात के दौरान विदेशी मेहमानों को भारतीय रक्षा बाजार के प्रति आकर्षित करने के लिए वायु सेना के फाइटर जेट और लड़ाकू हेलीकॉप्टर भी प्रदर्शित किये जाएंगे। गांधीनगर में 9-13 जनवरी तक होने वाले सम्मेलन के 10वें संस्करण में भाग लेने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. (एचएएल) भी पूरी तरह तैयार है। एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा, जिसे हवा से जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल के साथ स्वदेशी रूप से संशोधित किया गया है। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परिकल्पना 2003 में उस समय की गई थी, जब मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इसके बाद 20 वर्षों में यह समावेशी विकास, व्यापार सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के लिए सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी 9 जनवरी को सुबह करीब 9.30 बजे गांधीनगर के महात्मा मंदिर में विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। दोपहर करीब तीन बजे वह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक 10 जनवरी को सुबह करीब 9.45 बजे प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी जाएंगे, जहां शाम करीब 5.15 बजे वह ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करने उनके सरकारी निवास पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से जुड़े अहम मुद्दों और सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई।

# ईडी ने हमला मामले में मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम बंगाल** में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इकाई ने पिछले सप्ताह उत्तर 24 परगना जिले में छापेमारी के दौरान अपनी टीम पर हुए हमले के बारे में दिल्ली मुख्यालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हमले की घटना में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। उनके कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। यह हमला तब हुआ जब ईडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में छापेमारी के लिए संदेशखली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर गई थी। रिपोर्ट के आधार पर ईडी मुख्यालय द्वारा हमले की एनआईए जांच की मांग की जा सकती है। एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि हमले पर दो पेज की रिपोर्ट भेजी गई है। हमने घटना की छोटी-छोटी बातों का जिक्र किया है और इसके साथ ही हमले के वीडियो भी भेजे हैं।

उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट भी भेजी गई हैं। रिपोर्ट में उस दिन बशीरहाट पुलिस की भूमिका का भी उल्लेख किया गया है। ईडी ने बताया है कि कैसे वे हमला शुरू होते ही बिना नंबर वाले दोपहिया वाहनों पर घटनास्थल से भागे थे।

### चिल्का झील में रात को दो घंटे तक फंसे रहे केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला को ले जा रही एक नाव रविवार की रात ओडिशा की चिल्का झील में लगभग दो घंटे तक फंसी रही। फंसने के कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के समय दिशा का सही पता नहीं चल पाया हो, नेटवर्क नहीं मिलने से भी नाव के फंसने की आशंका जताई जा रही है। रात के कारण ऐसा हुआ हो सकता है। इसके बाद प्रशासन की ओर से अन्य जहाज भेजकर मंत्री सहित भाजपा के पदाधिकारियों को यहां से निकाला गया।

# शीतलहर की चपेट में एमपी, हिमाचल से ठंडे रहे भोपाल, रायसेन

**भोपाल:** पूरा मध्यप्रदेश इन दिनों शीतलहर की चपेट में है और कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। पिछले सात दिन से लगातार मौसम ठंडा बना हुआ है। भोपाल और निकटवर्ती जिलों में तो चार दिन से धूप नहीं निकली। सोमवार सुबह भी यहां कड़ाके की ठंड रही। घना कोहरा होने से विजिबिलिटी 10 मीटर रह गई। ग्वालियर, गुना, सागर, रायसेन, उज्जैन समेत कई शहरों में भी ऐसा ही मौसम है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन में मालवा समेत आसपास के क्षेत्रों में ओले गिरने का अनुमान जताया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से रविवार को प्रदेश में कहीं बारिश हुई, तो कहीं कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं से भी ठिठुरन बनी रही। स्थिति यह रही कि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला और जम्मू के कटरा से भी ठंडे भोपाल, रायसेन और सागर रहे। वहीं, 11 शहरों में दिन का अधिकतम टेम्प्रेचर 20 डिग्री सेल्सियस से कम रहा।

सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी से कोहरा, बारिश और ठंड पड़ेगी। राजधानी भोपाल रविवार को प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा।

# राजस्थान: माउंट आबू का पारा माइनस में

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी और सर्द हवा चलने की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश में इन दिनों सर्दी के तीखे तेवर तीखे हैं। नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से देर रात चूरू, झुंझुनूं, अलवर और सीकर में हल्की बारिश हुई। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा और अजमेर संभाग के सभी जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। उत्तरी भारत में हो रहे हिमपात से पश्चिमी भारत के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू की वादियों को हाड़



कंपकंपा देने वाली ठंड ने अपने शिकंजे में कस रखा है। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस मापा गया। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां सुबह घना कोहरा रहा और बूंदाबांदी भी हुई। सुबह कोटा और झालावाड़ में हल्के बादल छाए रहे। मौसम केंद्र जयपुर ने प्रदेश में आज और कल के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट दिया है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान के जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं और अलवर में घना कोहरा रहने के कारण दिन का तापमान सामान्य से नीचे रहा। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। यहां का अधिकतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां पूरे दिन घना कोहरा रहा और धूप नहीं निकली। यही स्थिति श्रीगंगानगर के

**रामोत्सव** पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण आवारा पशुओं की आश्रय स्थली के तौर पर सिमट कर रह गया था

# वॉटर स्पोर्ट्स ने बनाया 'अयोध्या का बड़ा पर्यटन केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**एक** दृश्य की कल्पना कीजिए...समस्त सृष्टि में सर्वोत्कृष्ट शासन प्रणाली को स्थापित करने वाले निराकार ब्रह्माण्ड नायक श्रीराम के रूप में साकार होने की लीला पूर्ण करने के बाद अब वापस अपने लोक के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। पवित्र सरयू में समाहित होने से पूर्व उन्हें अपने लौकिक चक्षुओं से जी भरकर देख लेने और आखिरी बार उनके पवित्र चरणरज को शीश नवाने के लिए अवधपुरी का भाव-विह्वल विशाल जनसमुद्र नदी किनारे उतर पड़ता है। फिर, प्रभु श्रीराम कुटुंबियों समेत सरयू में लौकिक देह को अंतर्ध्यान कर दिव्य विमान में चढ़कर वैकुंठ जाने से पूर्व



आखिरी बार उस विशाल जनसमुद्र को दर्शन देते हैं। अब जरा सोचिए, सत्य सनातन आस्था की उस पवित्रतम घटना के साक्षी रहे अयोध्या स्थित गुप्तारघाट का पिछले 500 वर्षों के पराभव काल के दौरान कैसा हाल रहा होगा? वह स्थान जिसे श्रीराम ने खुद वैकुंठ गमन के लिए चुना, यह दुर्भाग्य ही है कि सदियों तक उसकी कोई सुध लेने वाला तक नहीं था। मगर, योगी सरकार ने यहां विकास के ऐसे अध्याय की नींव रखी कि आज एक बार फिर गुप्तारघाट अपने उस पुरातन आध्यात्मिक व ऐतिहासिक वैभव को प्राप्त करने साथ ही मॉडर्न सिविक एमिनिटीज से लैस टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर पहचान बनाने के लिए उठ खड़ा हुआ है। अब गुप्तारघाट बदहाली नहीं, विकास का द्योतक है और उसकी इस पहचान में इजाफा किया है वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज समेत विकास की तमाम परियोजनाओं ने, जिसके कारण यह अयोध्या के सबसे चहेते सेल्फी व टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर उभरा है।

परिवर्तन क्या होता है, गुप्तारघाट आकर देखिए...: पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्ष 2017 तक गुप्तारघाट केवल कुछ पुराने ऐतिहासिक मंदिरों व साधुओं की तपस्थली के साथ जीर्ण-शीर्ण तट के तौर पर ही सिमट कर रह गया था, जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता था।

